तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 31 दिसंबर 2024



11 पालिका ने किया नायलॉन चायनीज मांझा की जब्ती




11 विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम





## खबर संक्षेप

### हाइवा की ठोकर से वृद्ध की मौत, मामला दर्ज

**भिलाई।** सड़क पर चल रहे वृद्ध को हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। घटना में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। नंदिनी पुलिस ने बताया कि रविवार की रात तेज रफ्तार से आ रही ग्राम नंदकठठी में हाइवा सीजी 07 एवाय 7710 ने मदन लाल निषाद को चपेट में लिया। घटना में वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और वाहन मालिक को लोग बुलाने की मांग कर रहे थे। काफी समझाइश के बाद लोगों की भीड़ सड़क से हटी। वृद्ध के शव को पीएम क लिए भेजा गया। उसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### निगम कर्मी समय पर हाजिरी दें: आयुक्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विभागीय कार्यो के सुचारू संचालन में कसावट लाने अधिकारियों व कर्मचारियो के लिए आदेश जारी किया है। राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के कार्यावधि के संबंध में पूर्व जारी आदेश को अधिकृमित करते हुए राज्य के मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा समस्त मैदानी कार्यालयों हेतु कार्य अवधि सुबह 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयुक्त पाण्डेय ने आदेश में निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को आदेश दिए है। सभी शासन द्वारा निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें और सौंपे गये दायित्वो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करें। अपने दायित्वों का परिपालन करें। विभागीय नस्तियों को अपने टेबल पर जमा न होने दे, शीध्र उसका आगे बढ़ावें। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। आयुक्त से संबंधित नस्तियों को समय अवधि के अंदर प्रस्तुत किया जाए। मैं स्वयं भी नस्तियों का त्वरित निराकरण करूगां।

### सड़क हादसे के बाद ड्राप पोल लगाने निरीक्षण

**भिलाई।** रसमड़ा में सड़क हादसे के बाद सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए बोगदा पुल में ड्राप पोल लगाने पर सहमति बनी है। इस दौरान ट्रैफिक एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी यशवंत साहू, जनपद सदस्य अजय वैष्णव, सरपंच ममता भागवत साहू ,पंच किशन यादव ग्राम अध्यक्ष नंदकुमार निर्मलकर, फैक्ट्री संघ अध्यक्ष रवि गुप्ता के साथ हादसा स्थल का निरीक्षण किया गया। 29 दिसंबर को रसमडा में हुए सड़क हादसे के बाद यह निर्णय लिया गया। भारी वाहनों के आवागन एवं दुर्घटना के रोक थाम के लिए सुरक्षा व्यवस्था किया जा रहा है। रसमडा बोगदा पुलिया में ड्रॉप पोल लगाया जाने से भारी वाहन बस्ती के भीतर प्रवेश नहीं कर पाएगी।

**सुविधा :** नए साल से रेल यात्रियों को होगी सहूलियत

# दुर्ग रेलवे स्टेशन में फिर चलेंगी नियमित ट्रेनें, समय में हुआ बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग रेलवे स्टेशन से फिर से ट्रेनें नियमित चलेगी। भारतीय रेलवे की समय सारणी में 1 जनवरी से आंशिक परिवर्तन किया गया हैं। ट्रेनों के परिचालन में प्रस्थान से आगमन तक के समय में गति बढ़ाई गई है। इससे परिचालन समय की बचत होगी।विभिन्न सेक्शनों में मेल एक्सप्रेस गाड़ियो में 10 मिनट से लेकर 55 मिनट तक एवं पैसेंजर गाड़ियों में 5 मिनट से लेकर 20 मिनट तक के परिचालन समय में (प्रस्थान स्टेशन से आगमन) बचत होगी। रेलवे समय-सारणी में इस रेलवे से चलने वाली एवं होकर गुजरने अप दिशा एवं डाउन दिशा की 131 स्टेशनों में गाडियों का परिचालन समय बदलाव किया गया है। अन्य स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेगी।

### 146 ट्रेनें चलेंगी नियमित नंबर से

इस रेलवे में 45 पैसेंजर, 81 मेमू एवं 20 डेमू सहित 146 गाड़ियों को को एक जनवरी से सभी 146 गाड़ियों को एक जनवरी, 2025 से नियमित नंबर से चलाया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चल रही 14624/14623 फिरोजपुर-सिवनी-फिरोजपुर पातालकोट एक्सप्रेस को से इस गाड़ी को सुपरफास्ट बनाया जा रहा है और इस गाड़ी के ट्रेन नंबरो में एवं समय सारणी में परिवर्तित किया जा रहा है। 1 मार्च से 20424/20423 फिरोजपुर-सिवनी-फिरोजपुर पातालकोट सुपर फास्ट एक्सप्रेस बन कर चलेगी।

**दुर्ग-भिलाई के 40 हजार यात्रियों को मिलेगी सुविधा**



| | | | |
|---|---|---|---|
| 12101 | लोकमान्यतिलक–शालीमार | 13.40 | 13.35 |
| 12102 | शालीमार-लोकमान्यतिलक | 10.30 | 10.25 |
| 12129 | पुणे–हावड़ा आज़ाद | 14.05 | 14.00 |
| 12151 | लोकमान्यतिलक- शालीमार | 14.20 | 14.15 |
| 12442 | न्यू दिल्ली बिलासपुर एक्सप्रेस | 09.30 | 09.20 |
| 12808 | निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम | 05.22 | 05.12 |
| 12809 | मुंबई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस | 15.45 | 15.30 |
| 12810 | हावड़ा- मुंबई मेल एक्सप्रेस | 09.45 | 09.40 |
| 12811 | लोकमान्यतिलक-हटिया | 17.40 | 17.30 |
| 12844 | अहमदाबाद-पूरी दुर्ग | 14.40 | 14.35 |
| 12844 | अहमदाबाद-पूरी दुर्ग | 15.10 | 15.00 |
| 12852 | चेन्नई-बिलासपुर दुर्ग | 12.00 | 11.55 |
| 12860 | हावड़ा-मुंबई गीतांजली दुर्ग | 03.5 | 03.45 |
| 12869 | मुंबई-हावड़ा दुर्ग | 05.35 | 05.25 |
| 12870 | हावड़ा-मुंबई दुर्ग | 04.05 | 04.00 |
| 12905 | पोरबंदर-शालीमार दुर्ग | 13.40 | 13.35 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12906 | शालीमार-पोरबंदर | 10.30 | 10.25 |
| 17007 | सिकंदराबाद-दरभंगा एक्स. | 12.00 | 11.55 |
| 15160 | दुर्ग–छपरा एक्सप्रेस | 20.30 | 20.25 |
| 17005 | हैदराबाद–रक्सौल एक्स. | 12.00 | 11.55 |
| 17006 | रक्सौल- हैदराबाद | 07.25 | 07.20 |
| 17008 | दरभंगा – सिकंदरबाद | 07.25 | 07.20 |
| 18109 | टाटा-इतवारी एक्सप्रेस | 23.10 | 23.15 |
| 18239 | इतवारी शिव नाथ | 23.45 | 23.50 |
| 18530 | विशाखापटनम-दुर्ग एक्स. | 05.40 | 06.10 |
| 20822 | संतारागाची- पुणे एक्सप्रेस | 07.25 | 07.20 |
| 20847 | उधमपुर एक्सप्रेस | 11.10 | 11.00 |
| 20858 | साईनगर शिरडी- पुरी | 06.15 | 06.05 |
| 20862 | अहमदाबाद-पुरी | 15.10 | 15.00 |
| 20917 | इन्दौर–पुरी एक्सप्रेस | 05.35 | 05.25 |
| 20918 | पुरी–इन्दौर एक्सप्रेस | 14.10 | 14.05 |
| 22648 | कोच्चुवेली-कोरबा एक्सप्रेस | 21.30 | 21.20 |
| 22845 | पुणे-हटिया | 06.00 | 05.50 |
| 22846 | हटिया-पुणे | 06.40 | 06.35 |
| 22848 | एलटीटी-विशाखापटनम | 17.40 | 17.30 |
| 22847 | विशाखापटनम-एलटीटी | 19.40 | 19.35 |
| 22893 | साईनगर शिरडी-हावड़ा | 05.35 | 05.25 |
| 22894 | हावड़ा- साईनगर | 04.05 | 04.00 |
| 22905 | ओखा-शालीमार एक्स | 13.40 | 13.35 |
| 22906 | शालीमार-ओखा एक्स | 10.30 | 10.25 |
| 22974 | पूरी-गाधीधाम एक्सप्रेस | 04.05 | 04.00 |
| 22867 | दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस | 11.10 | 11.00 |

### फर्जी पुलिस बनकर घूमने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** फर्जी पुलिस बताने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 204, 205, 318 , 319 बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज के मुताबिक आरोपी जितेन्द्र दुबे पुलिस की वर्दी में अपना फोटो खिंचकर मोबाइल में रखा था। इसके अलावा वाहन पर नीली बत्ती लगा रखा था। आरोपी कार सीजी 13 यूजी 8280 में नीली बत्ती लगाकर लोक सेवक बनकर प्रतिरूपण 28 दिसंबर की रात खुर्सीपार गेट थाना खुर्सीपार में किया जा रहा था। उसके निवास पर जब पुलिस ने दबिश दिया तो एक पुलिस आर्मी द्वारा पहने जाने वाला बेल्ट,एक इंडियन आर्मी प्रिंटेड टोपी को बरामद हुआ है। आरोपी हाउसिंग बोर्ड कोलानी एलआईजी 1/47 कुरूद कोहका निवासी जितेन्द्र दुबे द्वारा पुलिस ड्रेस पहनकर फोटो खिचाकर अपने पास रखा था।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


**पदमानाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना**

# दुर्ग में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते हुई युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के मामले में युवक की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि कसारीडीह पुलिस लाइन निवासी चेतन साहू 26 वर्ष नामक युवक का प्रेम प्रसंग घर के पास रहने वाली युवती के साथ चलता था। युवक व युवती की माताएं पुलिस विभाग में पदस्थ है। घटना के कुछ दिन पूर्व युवती के मां का ट्रांसफर सरगुजा हो गया। युवती भी उसके साथ सरगुजा चली गई, जहां सरगुजा निवासी युवक लुकेश साहू के प्रति युवती आकर्षित हो गई। इस दौरान चेतन भी लगातार युवती को फोन करता था जिससे वह परेशान हो गई थी। 24 दिसंबर को युवती अपनी मां के साथ दुर्ग आई थी। इसकी जानकारी जब चेतन को हुई तो युवती से मिलने के लिए उससे कहा। युवती ने मिलने से इंकार कर दिया। चेतन की बात युवती ने अपने सरगुजा वाले प्रेमी लुकेश साहू को बताई। लुकेश ने युवती को ग्राउंड में चेतन को मिलने बुलाने की बात कही थी। लुकेश के बताए प्लान पर युवती ने चेतन को सिविल लाइन क्षेत्र में घर के पास बुलाया गया। फिर विवाद के हत्या युवकों ने मिलकर चेतन को रास्ते से हटा दिया। थाना प्रभारी केशव राम कोसले ने बताया कि युवक की हत्या मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। जल्द आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।



### युवती के दूसरे प्रेमी ने रची साजिश

रविवार देर रात चेतन युवती से मिलने पहुंचा। इससे पहले ही लुकेश अपने दोस्तों के साथ मिलकर वहां पहले ही पहुंचा था। चेतन के पहुंचने के बाद युवती को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरु हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि लुकेश अपने साथियों के साथ लाठी डंडा से लैस होकर आए थे। चेतन को लाठी डंडे से वार कर मौत हो घाट उतार दिया। घटना के बाद से हत्या में शामिल लुकेश फरार है। शव को पुलिस ने मरचूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने पांच संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**विधायक रिकेश ने आईजी से की चर्चा**

# प्रतिबंध के बाद भी चायनीज मांझा की खरीदी बिक्री करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने जानलेवा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की खरीदी बिक्री पर रोक लगाते हुए आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग से चायनीज मांझा बिक्री करने वाले व्यवसायियों पर कड़ी कार्रवाई विषयक चर्चा की है। उन्होंने क्षेत्र के व्यावसायियों से भी चायनीज मांझा की खरीदी और बिक्री न करने की अपील की है।

विधायक सेन ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि भिलाई-दुर्ग के बाजारों में चायनीज मांझा दस्तक दे चुका है, पतंग उड़ाना देश की परंपरा रही है, लेकिन ऐसे खतरनाक मांझे से पशु-पक्षी और



लोग बुरी तरह जख्मी हो जाते हैं। ऐसे हादसों की आशंकावश इस विषय का संज्ञान लेकर दखल की जरूरत पड़ी। एनजीटी ने वर्ष 2017 में इस जानलेवा मांझे की बिक्री पर देशभर में प्रतिबंध लगा दिया था। पीपल्स फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल (पेटा) की अर्जी पर ये आदेश दिया गया था। जिसके बाद मांझा बनाने वाली कंपनियां सुप्रीम कोर्ट गईं, जहां से उन्हें राहत नहीं मिली थी। चाइनीज मांझे की चपेट में आने से हुई घटनाओं के अधिकतर मामलों में पुलिस कोर्ट में अनट्रेस रिपोर्ट दाखिल करती रही है।

### 6 माह की कैद व लग सकता है जुर्माना

आईजी दुर्ग रेंज से चर्चा करने के बाद विधायक रिकेश सेन ने बताया कि पुलिस पहले आईपीसी की धारा 188 यानि सरकारी आदेश की अवहेलना के तहत केस दर्ज करती थी। इसमें अधिकतम एक माह की सजा या 200 रुपये जुर्माना या दोनों हो सकते थे। अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 223 (बी) के तहत केस दर्ज किए जा सकते हैं। इसके तहत एक साल की सजा या पांच हजार रुपये फाइन या दोनों हो सकते हैं। बीएनएस की धारा 223 (ए) में केस दर्ज हो सकता हैं जिसके तहत छह माह कैद या 2500 जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इसके आलावा पुलिस एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एक्ट भी लगा सकती है।




## खबर संक्षेप



### गैस एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

**दुर्ग।** कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, रोजगार दिलाने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 106 आवेदन प्राप्त हुए। बजरंग नगर दुर्ग निवासियों ने गैस एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही करने मांग की। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वाले हम मजदूर रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। हमारे नाम से गरीबी रेखा राशन कार्ड बना हुआ है। इसी प्रकार अन्य महिलाओं को भी गैस सिलेण्डर के लिए घुमाया जा रहा है। इस पर कलेक्टर खाद्य नियंत्रण अधिकारी को परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम औंरी निवासी ने विकलांग पेंशन प्रदान करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत विकलांग होने के कारण जीवन यापन हेतु शारीरिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम नही है। ग्राम मोहलई के गोविंद गोपालन केन्द्र ने नाली का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने आवेदन दिया। सड़क निर्माण के दौरान नाली निर्माण किया जा रहा था। गौशाला के सामने लगभग 200 फुट नाली का निर्माण संबंधित विभाग द्वारा कतिपय कारणों से नाली निर्माण नही किया गया। इस संबंध में संबंधित विभाग को आवेदन दिया गया था। गौशाला के प्रदूषित जल का निष्कासन खाली प्लाट में किया जाता है, चूंकि पीछे प्लाट में भवन निर्माण हो जाने के कारण निष्कासन के लिए समस्या उत्पन्न हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को वस्तुस्थिति का जायजा लेकर त्वरित कार्यवाही करने को कहा।

# संभाग के 717 शिक्षक बने प्रधानपाठक, सूची जारी, अब काउंसिलिंग का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले लंबे समय से मिडिल स्कूल के शिक्षक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे। सोमवार को संयुक्त संचालक दुर्ग ने संभाग के सभी जिले के करीब 717 शिक्षको की पदोन्नति सूची जारी कर दी है। सूची जारी होने के बाद शिक्षको में उत्साह है, वही अब पदांकन के लिए जल्द ही काउंसिलिंग की तैयारी की जा रही है।

जानकारी अनुसार दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, मोहला मानपुर, गंडई खैरागढ छुईखदान जिले के ई संवर्ग के 254, एलबी संवर्ग के 368 तथा टी संवर्ग के 45, टी एलबी संवर्ग के 50 शिक्षकों का पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक पद पर हुआ। पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद काउंसलिंग की तैयारी की जा रही हैं। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दुर्ग संभाग ने 717 शिक्षकों को पदोन्नति देकर माध्यमिक प्रधानपाठक बनाने वाला प्रदेश में पहला संभाग है। जिसने इस सत्र में पदोन्नति दी हैं। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग संभाग में इसके पूर्व भी मिडिल एचएम की पदोन्नति हो चुकी है, जबकि प्रदेश के अन्य संभाग में यह प्रक्रिया उलझी हुई है।

## संभाग की सूची संयुक्त संचालक ने की जारी, शिक्षकों में उत्साह

### काउंसिलिंग से होगा पदांकन

मिली जानकारी अनुसार संयुक्त संचालक दुर्ग द्वारा सभी जिले के पात्र शिक्षक को काउंसिलिंग के माध्यम से पदांकन कराया जाएगा। संघ ने ज्ञापन देकर संयुक्त संचालक से जल्द ही काउंसिलिंग की प्रक्रिया किए जाने की मांग भी की हैं।



### शिक्षक संगठनों ने ली राहत की सांस

शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी के नेतृत्व संगठन का प्रतिनिधिमंडल पिछले दिनों जेडी को इस संबंध मे ज्ञापन भी दिया था। संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर, सहायक संचालक केके शुक्ला व शाखा लिपिक रोहित बघेल, आशीष चावरे को धन्यवाद ज्ञापित किया हैं। इस दौरान चंद्रशेखर तिवारी, तिलक सेन, योगेन्द्र वर्मा, रविकांत देवांगन, योगेश साहू, किरण तिवारी, प्रभा सिंह, किरण गौर आदि सम्मलित थे। वही टीचर्स संघ के सदस्य विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, कमल वैष्णव, संजय चंद्राकर, वर्षा हरिहरनो, नीलू थापा, राहुल झा, अभिषेक चंदन,लता देवांगन, हरीश देवांगन, आदित्य नामदेव ने भी आभार जताया हैं।

### सूची जारी

“ संभाग के पात्र शिक्षको की सूची जारी कर दी गई है। पदोन्नति सूची जारी किए जाने के बाद आगे की प्रक्रिया जल्द ही की जाएगी।

**आरएल खरे,** संयुक्त संचालक दुर्ग

## राज्य शासन की यह अधिसूचना एक साल के लिए रहेगी लागू

# किसान और व्यापारी बगैर मंडी शुल्क के कहीं भी बेच सकेंगे उपज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर व्यापारी और किसानों को बडी राहत दी गई हैं। जिसके तहत अब किसान और व्यापारी बगैर मंडी शुल्क के अनाज (धान) का निर्यात राज्य के बाहर कर सकेगें। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, देश से बाहर निर्यात को बढावा देने के लिए यह पहल की गई हैं।

धान के कटोरा के नाम से पहचान बनाने वाले छत्तीसगढ़ को धान विक्रय और चावल निर्यात के क्षेत्र में मंडी टैक्स छूट और किसान कल्याण मंत्रालय टैक्स छूट से फायदा होगा। छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 क्रमांक 24 सन 1973 की धारा 59 उप धारा 1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश से गैर बासमती चावल के देश से बाहर निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से पूर्णता एक वर्ष के लिए छूट प्रदान की गई हैं। जिसे व्यापारी वर्ग बडी राहत बता रहे है, वही किसानों के धान को खरीदने व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगा और उन्हें अच्छा दाम मिलेगा। खासकर गर्मी के धान की खरीदी उन्हें बाजार में बेचनी पडती है।

### किसानों को मिलेगा बेहतर दाम




### प्रदेश में इन मंडियों में धान की अच्छी आवक

प्रदेश के राजनांदगांव में मोटी धान बहुतायत आवक मंडी में होती है। यहां के धान का उपयोग पोहा बनाने के लिए किया जाता है। इसी तरह बालौदा बाजार भाटापार और धमतरी व जांजगीर चांपा जिला भी शामिल है। दुर्ग में पाटन मंडी में धान की आवक होती है। इस तरह इन जिलो से धान खरीदने के बाद व्यापारी व मिलरों को मंडी शुल्क नही देना पडेगा। पूर्व में मंडी शुल्क के लिए व्यापारियों को प्रति क्विंटल 2.20 प्रतिशत शुल्क आधा फीसदी सेस देनी पडती थी।

### मंडियों में आनलाइन बिक्री की हुई थी पहल

केन्द्र सरकार द्वारा छग के कई जिलों के मंडियों में किसानों को आनलाइन धान बेचने की सुविधा प्रदान की गई थी। इस दौरान किसान मंडी में जामकर देश के किसी भी मंडी में उपज के दाम जान सकेगें और अच्छी कीमत पर उसे बेच सकेगें। हांलाकि यह सुविधा प्रदेश के कई जिलो में काम नही कर पाई है। आनलाइन बिक्री के चलते किसानों को देश के मंडियों से जुडकर अच्छी कीमत मिलने के लिए यह योजना शुरू की गई थी। इसके लिए एक मंडी में लाखों रूपए खर्च भी किए गए थे। हांलाकि आनलाइन बिक्री में भी शुल्क में छूट का प्रावधान लागू होगा।

### अच्छा निर्णय



“ छग धान का कटोरा है। इसलिए यहां के चावल की मांग देश ही नही बल्कि अन्य विदेशों तक है। विष्णुदेव सरकार के इस निर्णय से किसान और व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी, यह अच्छा निर्णय हैं।

**विनायक ताम्रकार,** जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा दुर्ग भाजपा

# सीसी रोड निर्माण के लिए 3 लाख 10 हजार रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सीसी रोड निर्माण के लिए 3 लाख 10 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत चंगोरी अंतर्गत शीतला मंदिर से कमलचंद जैन घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 3 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईशतहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202412102700027/ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका राजलक्ष्मी पिता अर्जुन सिंह पटेल निवासी ग्राम दनियां, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम दनियां, प.ह.नं.-4, रा.नि.मं. बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में उनका स्वयं का जन्म दिनांक 04/01/2005 को होने के कारण उनका जन्म प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय शपथपत्र, पुलीस जॉच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन संलग्न कर पेश किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका को उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 14/01/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार बोरी



# निर्माण कार्य का निरीक्षण करने ई-रिक्शा में पहुंचे विधायक यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

डिपरापारा वार्ड 39 में तालाब किनारे चल रहे पचरीकरण कार्य का विधायक गजेन्द्र यादव ने ई रिक्शा से निरिक्षण करने पहुँचे। निर्माण कार्य को लेकर उनके द्वारा ठेकेदार से चर्चा की गई और जल्द ही पूर्ण करने कहा गया।

वार्ड के नागरिक राजेन्द्र ठाकुर, गणेश तिवारी, क्रांति गुप्ता, सूरज नानकराव, उज्जवल गुप्ता, लोकनाथ साहू के साथ का निरिक्षण करने लुचकी पारा निवासी कुलदीप कसार के ई- रिक्शा में बैठकर पहुँचे। डिपरापारा वार्ड 39 में मुकुंद भवन चौक के पास तालाब किनारे नहाने और दसगात्र कार्यक्रम हेतु पचरीकरण कार्य करने स्थानीय नागरिको की लंबित मांग थी। जिसे विधायक गजेन्द्र यादव ने पूरा किये। निर्माण कार्य शुरू होने वार्ड के नागरिको की मांग पूरी हुई और उन्होंने विधायक गजेन्द्र से कार्य का निरिक्षण करने आग्रह किये थे। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव ने मौके पर उपस्थित एजेंसी से पचरीकरण ढलाई में सीमेंट व रेत की मात्रा तथा निर्माण सामग्री की जानकारी लेकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने निर्देश दिए। इस दौश्रान निरीक्षण के दौरान गुलाब वर्मा, परदेशी पटेल, उमेश यादव, संदीप भाटिया, धर्मदास रात्रे, दीपक चोपड़ा, किशोर अहिरवार, रमेश श्रीवास्तव, अनिकेत यादव, राहुल दीक्षित उपस्थित रहे।

- **शासन की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने अपील की**

मौके पर पहुँचे विधायक श्री यादव ने पचरीकरण कर रहे एजेंसी वाले से निर्माण कार्य का फीडबैक लेकर शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए ताकी क्षेत्र के नागरिको को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान काम में लगे श्रमिक साथियों से मुलाकात कर शासन की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने अपील किये। विधायक कार्यालय में जनता से भेंट मुलाकात पश्चात विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्य



## अर्जुन पेड़ की अवैध कटाई की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अंडा ग्राम में अवैध पेड कटाई मामले में कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई हैं। अर्जून पेड की कटाई मामले में ओंकर सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों ने कार्यवाही की मांग की हैं। शिकायकर्ता ओंकार राजपूत ने बताया कि, अंडा मचांदुर में उनका खेत है। जिसकी कुछ लोगों ने कटाई कर दी है। उन्होने शिकायत में बताया हैं कि, खसरा नंबर 1298 रकबा 0.11 हैं, जिसमें विगत 29 दिसंबर को रात साढे सात बजे न सिर्फ पेड की कटाई गई है, बल्कि खेत से अवैध मुरूम खनन भी बगैर परमिशन के किया गया हैं। उन्होने कलेक्टर, थाना चौकी मचांदुर और तहसीलदार से भी शिकायत की हैं। इस मामले में पटवारी राजेश मरकाम ने हरिभूमि को बताया कि, शिकायत पर जांच की गई। जमीन मालिक सौरभ सिंह का कहना है कि, पेडों की कटाई उन्होने कराई है। रिपोर्ट में उन्होने बगैर परमिशन की कटाई करना स्वीकार किया है। पटवारी ने बताया कि, रिपोर्ट तहसीलदार क्षमा यदु को सौंप दिया गया हैं।

## विक्रेता व निर्माता कंपनी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

# बीज 10 व खाद के 3 नमूने मिले अमानक, लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बीज के 10 एवं खाद के 3 नमूने जांच में अमानक पाए गए है कृषि विभाग ने अमानक पाए गए खाद एवं बीज के विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है साथ ही विक्रेता एवं निर्माता कंपनी दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में गुण नियंत्रण के तहत बीज के 190 नमूने लेने का लक्ष्य मिला था। इसके विरुद्ध विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलो की बीज के कुल 210 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोग शाला भेजे गए है। इनमें 187 सहकारी एवं 23 निजी क्षेत्र से लिए गए हैं। अब तक 183 नमूनों की जांच रिपार्ट आ चुकी है, इनमें निजी एवं सहकारी क्षेत्र के 5-5 नमूने अमानक पाए गए है। अमानक पाए गए बीज में धान 5, सोयाबीन 3 एवं सरसों तथा चने के 1-1 नमूने शामिल है। बीज में सोनी कृषि केन्द्र व ट्रेडर्स तर्रा धान, चंद्राकर कृषि केन्द्र नगपुरा धान, साहू ट्रेडर्स सोनपुर धान, नेचरवाल मेड़ेसरा धमधा धान, सेवा सहकारी समिति राजपुर से सोयाबीन के 3, छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रुआबांधा सरसों एवं सेवा सहकारी समिति बरहापुर से लिए गए चना बीज का नमूना शामिल है।



### गुण नियंत्रण को लेकर कार्रवाई

उपसंचालक कृषि संदीप कुमार भोई का कहना है कि, गुण नियंत्रण को लेकर लगातार निजी व सहकारी क्षेत्र के दुकानों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान उर्वरक, बीज एवं दवाईयों की नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजी गई थी इनमें अधिकांश की जांच रिपोर्ट आ गई है। जांच में अमानक पाए गए नमूनों के निर्माता कंपनी एवं विक्रेता दोनो को नोटिस जारी किए गए हैं।

### इन दुकानों को मिले बीज

इन अमानक पाए गए धान बीज में निर्मल सीड्स कंपनी रायपुर 1 एवं न्यूजीवीडी रायपुर तथा नेचरवाल मेड़ेसरा धमधा द्वारा निर्मित 2- 2 नमूने शामिल है, वहीं अमानक पाए गए सोयाबीन बीज के 3 नमूने तथा सरसों एवं चने के 1-1 नमूने के निर्माता बीज निगम है। जिले में वर्ष 2024-25 में रासायनिक उर्वरक के 41 नमूने का लक्ष्य था, इसके विरुद्ध 44 नमूना लिया गया। इसी प्रकार जैव उर्वरक के 8 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोग शाला भेजे गए थे। रासायनिक उर्वरक के अब तक 34 की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। इनमें 2 नमूने जांच में अमानक पाए गए है। अमानक पाए गए रासायनिक खाद में एक नमूना सेवा सहकारी समिति बरहापुर से लिया गया था। वहीं एक अन्य नमूना अरिहंत फर्टिलाइजर की एसएसपी खाद का है।



**खबर संक्षेप**

## श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 2 से

**अंडा।** ग्राम समोदा में 2 जनवरी 2025 से 10 जनवरी 2025 तक श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन बजरंग सेवा समिति (भागवत ग्रुप) एवं समस्त ग्रामवासियों की तत्वाधान में रखा गया है,जिसमें कथा व्यास पंडित भूपेंद्र पांडेय (गुंडरदेही) होगें। 2 जनवरी को 12 बजे कलश यात्रा भजन मंडली के साथ एवं वेदी पूजन गौकरण कथा, 3 जनवरी कथा प्रारंभ,सुखदेव आगमन,4 जनवरी ध्रुव चरित्र ,कपिल चरित्र ,5 जनवरी प्रहलाद चरित्र जड़ भरत प्रसंग ,6 जनवरी श्री राम जन्म एवं श्री कृष्ण जन्म 7 जनवरी बाल चरित्र, माखन चोर लीला ,8 जनवरी रुक्मणी मंगल विवाह, 9 जनवरी सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष चढ़ोत्री ,10 जनवरी श्री गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा ,हवन, शोभायात्रा मंगलमय समाप्ति एवं संध्याकालीन महाप्रसादी और भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ से प्रसिद्ध भजन गायक नीलकमल वैष्णव का सतरंगी रे स्टार नाईट का कार्यक्रम रखा गया है।



## सक्षम जन फाउंडेशन के सदस्यों ने की बुजुर्गों की सेवा



**अंडा।** सक्षम जन फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर अलग-अलग जगहों पर जाकर समाज सेवा करते हैं कड़ी में फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा फील परमार्थम में जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताए और वहां किए जाने वाले कार्यों के लिए संस्था के सभी सदस्यों द्वारा की जा रही सेवा के लिए अमित द्वारा समाज में एक अलग पहचान बनाई। सक्षम जन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन सिंघल, सचिव हरि सिंह सोलंकी, अरुण वर्मा, शंशाक जैन, लोकेश बिलोने, मोहन, नीमा पनरीया, सुमन ठाकुर, मानव सेवा परिसर और जैन समाज के युवा समाजसेवी प्रदीप साधना जैन, बाकलीवाल, अरुण सुनीता जैन, पूजा आदि समस्त सदस्य उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान की।

## कुथरेल में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में नववर्ष 2025 के आगमन पर भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन युवा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के द्वारा हाई स्कूल मैदान कुथरेल में किया गया है। इस रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता में तीन स्तर पर पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें सामूहिक पुरस्कार युगल पुरस्कार और एकल पुरस्कार रखा गया है। जिसमें 10001 से लेकर 1001 तक पुरस्कार की राशि रखी गई है। साथ ही सभी प्रतिभागियों को फोटो फ्रेम भी दिया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष समीर साहू ने बताया कि विगत वर्षो से 31 दिसंबर को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कुथरेल में किया जाता है ।

**निधन**

### रमेश कुमार आमेशर



**भिलाई।** गया नगर दुर्ग निवासी रमेश कुमार आमेशर उम्र 68 वर्ष का निधन 30 दिसंबर को रायपुर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा सिंधी मुक्तिधाम रायपुर में किया गया। वे विनय व लोकेश आमेशर के पिता थे।

### बनीता नायक



**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार शंकर पारा वार्ड 47 निवासी बनीता नायक उम्र 70 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा घर से 31 दिसम्बर की सुबह 10 बजे छावनी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अखिल भारतीय उड़िया समाज के सदस्य रेलवे कर्मी अर्जुन बेहरा की बुआ थीं।

### सतनामी समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाई बाबा घासीदास जयंती

# बाबा गुरु घासीदास ने समाज में एकता और समरसता का किया प्रसार: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करगाड़ीह में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं मडई मिलन समारोह कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होने जैत खाम, गुरुगद्दी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया व प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आज हम सब बाबा का जयंती पर्व व मंडई मिलन समारोह मना रहे हैं। गांव में खुशी का माहौल है गुरु धासीदास एक महान आध्यात्मिक गुरु थे, जिन्होंने समाज उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके कुछ प्रमुख योगदान समाज में एकता और समरसता का प्रसार। गुरु घासीदास ने समाज में एकता और समरसता प्रसार करने के लिए काम किया। उन्होंने लोगों को अपने मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा का प्रसार गुरु धासीदास ने शिक्षा के महत्व पर बल दिया और लोगों को शिक्षित करने के लिए काम किया। उन्होंने कई विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। गुरु घासीदास ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए काम किया। उन्होंने दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए काम किया।

महिला सशक्तिकरण गुरु धासीदास ने महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए काम किया। आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार गुरु धासीदास ने आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार करने के लिए काम किया। उन्होंने लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड, सभापति राकेश हिरवानी, सरपंच घनश्याम गजपाल, उपसरपंच संतोष सोनवानी, यादव समाज अध्यक्ष टीकम यादव, साहू समाज अध्यक्ष किशोर साहू, मेहर समाज अध्यक्ष सुरेश बघेल, महामंत्री सोनू राजपूत, सतनामी समाज अध्यक्ष मनीष सोनवानी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र चंदेल, माखनलाल जांगड़े, दाऊ लाल सोनवानी, शिव प्रसाद पाटील, बुधराम साहू, लिखनलाल साहू, योगिता चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

**करगाडीह में घासीदास जयंती व मंडई मिलन समारोह**



### गुरु घासीदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**ननकट्ठी।** सतनाम भवन ग्राम अरसनारा में संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की 268वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा गुरू घासीदास की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण तथा चौका पूजन किया गया। शाम 4 बजे सतनाम भवन से सतनामी समाज के द्वारा धुमाल, डीजे एवं पंथी नृत्य के साथ शोभायात्रा निकाली गई। बाबा गुरु घासीदास की विचारधारा मनखे- मनखे एक समान का सिद्धांत वाक्य प्रतिपादित करने वाले, उनके उपदेशों एवं वचनों के चिंतन से उनके प्रगतिशीतला एवं अनुभवन जन्य विचारधारा की अनुभूति होती है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, रूबी चंदेल, चंद्रमणी मिश्रा (टंकेश्वरी मेटल), सरपंच तोषन साहू, उपसरपंच बीरबल मार्कण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने पूरी दुनिया को सत्य अहिंसा सामाजिक सद्भावना के साथ शांति का संदेश दिया है। इस अवसर पर युवा सतनाम संगठन अरसनारा, उत्तम गायकवाड़, निखिल गायकवाड़, अश्वनी गायकवाड़, अमन खुटेल, भूपेन्द्र महिलांग, सोमलाल, कुलेश्वर चंदेल, चंदन महिलांग, अजित जांगड़े सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



**अंचल की खबरें**

## विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम



**पाटन।** पाटन विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन, अटारी, पाटन में महिला बाल विकास विभाग पाटन एवं जामगांव एम परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी बघेल सांसद प्रतिनिधि उपस्थित रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक, रवि सिन्हा, रत्ना ठाकुर, नगर अध्यक्ष बीजेपी होरी लाल देवांगन, मिलन देवांगन, निशा सोनी, हेमलता पटेल के उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि रजनी बघेल ने कहा कि महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत किया है बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और आत्म निर्भरता की दिशा में भी प्रेरित किया है। महिलाओं के लिए बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, गुब्बारा फोड़ों प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी रखा गया था विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया इसके अलावा रेडी टू ईट से निर्मित व्यंजनों का प्रदर्शनी भी लगाई गई थीं। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रवेक्षक झरना दास ने किया व आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कुमार जांबुलकर ने किया। इस अवसर पर पाटन की परियोजना अधिकारी छाया वर्मा, जामगांव एम परियोजना अधिकारी पुष्पा गुप्ता, पर्यवेक्षक डॉ. नम्रता तिवारी, झरना दास, समता सिंह, संध्या सिंह, तिलोत्तमा मोटघरे, मेघा मोहरिल, ममता साहू, सुनीता पुसम, कंचन महतो, स्नेहलता गौतम, स्वीटी सोनवानी आदि उपस्थित थे।

## भांचा श्रीराम हम सबके आराध्य: अशोक



**पाटन।** संगीत मानस मंडली एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में मानस महोत्सव के 26वें वर्ष का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के बाद पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों की उपस्थिति में महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता कामिनी कौशिक जिलाध्यक्ष मा.से केंद्र धमतरी ने किया। विशेष अतिथि राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, नीरा पुलस्य साहू सरपंच, सीता अनिल सिन्हा सरपंच, भविष्य जैन युवा कांग्रेसी, गजानंद साहू समाजसेवी ने सिया रामचंद्र, हनुमान महराज की पूजा-अर्चना दीप प्रज्वलित किए। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि भांचा श्रीराम हम सबके आराध्य देव है। पौराणिक कथाओं में हमारे छत्तीसगढ़ महतारी की कोरा में अनेक स्थलों पर देवताओं का वर्णन है। इस अवसर पर भोजराम रघुवंशी, कुंजबिहारी सिन्हा, बहूर निषाद, लतखोर यादव, शोभाराम सिन्हा, जोगेंद्र सिन्हा, प्रेमलाल सिन्हा, लल्ला सिन्हा, राहुल रघुवंशी, ओमप्रकाश रघुवंशी, धनेश सिन्हा, गौरव सिन्हा, दिनेश सिन्हा, ऐश्वर्य ठाकुर, जयप्रकाश सिन्हा, हेमन्त सिन्हा, रामकृष्ण सिन्हा, इतवारी ठाकुर, खोमन सिन्हा, योगेश सिंह ठाकुर, डॉ.थानेश्वर सिन्हा, रणधीर निर्मलकर, दुलार यादव, दुकालु निषाद आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्रभु ने हमें साधनों को धारण करने मनुष्य शरीर दिया है: मंदाकिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

आदर्श मानस मंडल पाहंदा व श्रीराम किंकर शिष्य सेवा समिति भिलाई दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस कथा व्यास से 'हनुमान चरित्र' पर कथा कहते हुए मंदाकिनी रामकिंकर ने कहा कि 'हमुमान जी, सीता की खोज में लंका पहुंचकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और कृत- कृत्यता का अनुभव करते हैं। साधक के कर्म जब पूर्ण हो जाते हैं और उसे अब कुछ करने की आवश्यकता शेष नहीं रह जाती तब इसे शास्त्रीय भाषा में कृत कृत्यता कहते हैं। इस स्थिति तक पहुंचना मनुष्य शरीर धारण करने का श्रेष्ठतम लक्ष्य है। शांति और भक्तमयी सीता तक पहुंचने के लिए सौ योजन के सागर को पार करना होगा। अन्य बंदर सागर तट में ही अटक गए। पूज्य दीदी मां ने बताया कि यह सागर देहाभिमान का है इसे कोई देह भान से उठा हुआ साधक ही पार कर सकता हैं। प्रभु श्रीराम के समक्ष सागर पार करने के दो प्रस्ताव आए एक विभीषण की ओर से और दूसरा लक्ष्मण की ओर से, विभीषण ने सागर से अनुनय विनय करने की बात कही और लक्ष्मण ने सागर को अग्नि बाण से सुखाकर रास्ता प्राप्ति के लिए कहा। रामजी दोनों विचारों के बीच समन्वय स्थापित करते हैं 'यहाँ दो दर्शन थे एक प्रवृत्ति मार्ग का और दूसरा निवृत्ति मार्ग का, राम जी तीन दिन सागर से विनय करते हैं चौथे दिन धनुष में बाण चढ़ाकर क्रोध व्यक्त करते हैं। दीदी मां ने कहा कि दिन भर परिश्रम के पश्चात रात में विश्राम की आवश्यकता है। दिन में पाना और रात में भूल जाना। दिन में द्वैतवादी और रात में अद्वैत वादी हो जाने की शिक्षा 'हमारा शरीर हमें देता है अतः देह ही गुरु है। अद्वैतवादी बनने पर ही सुख पूर्वक नींद आती है। यह एक तरह से लघु प्रलय ही है आओ हमें विश्राम देता है। उन्होंने स्वर्ग सुख का विश्लेषण किया, स्वर्ग की व्यवस्था क्यों । वहाँ भोग ही भोग है, रोग और मृत्यु नहीं है। पर पुण्य की पूंजी खत्म होने पर फिर चौरासी में लौटना पडता है क्योंकि वहाँ ऐसा कोई साधन नहीं है जिससे पुण्य संचित किया जा सके। साधनों का धाम तो मनुष्य शरीर है पर इस शरीर का उद्देश्य भोगों को भोगना नहीं है। क्या स्वर्ग में देवता सुखी है। इस प्रश्न पर भी दीदी माँ ने विवेचना की। मानस के दो पात्र 'दशरथ और दशमुख' दोनों में दश हैं, लेकिन एक साथ रथ जुड़ा है दूसरे के साथ मुख। यह दो जीवन दर्शन है रथ धर्म का प्रतीक और मुख भोग का, रावण पृथ्वी के भोग वस्तुओं से तृप्त नहीं होता स्वर्ग पर आक्रमण कर देवताओं का ऐश्वर्य छीन लेता है।



■ पाहंदा में श्रीराम कथा महोत्सव में हनुमान चरित्र की कथा सुनाई

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

धमधा भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भट्ट सोमवार को क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू के साथ सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। साथ ही कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए विधायक का सहयोग मांगा। इस अवसर पर धमधा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता चनद्रिका भट्ट, बुधराम यादव, मन्ना महोबिया, मलिक कुरैशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश चन्द्र साहू, दुलारी मिश्रा, पार्षद आरुणी दानी, भूषण ढीमर, चेतन सोनकर, अशोक यादव, बृजेन्द्र दानी, दीपक चौहान, बलदाऊ पाल, दीपक राजपूत, आत्मा यादव, प्रीतम यादव, उज्वल ताम्रकार, वीर ताम्रकार, डिशन सिन्हा, स्वरूप ताम्रकार, तुकेश सोनवानी, स्वेता शर्मा, कोमल मरकाम, मनीषा ताम्रकार सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पालिका ने किया नायलॉन चायनीज मांझा की जब्ती



**कुम्हारी।** शासन के निर्देश के परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेशानुसार रविवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत संचालित विभिन्न दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमें प्रतिबंधित नायलॉन चायनीज मांझा के विक्रय न करने कि समझाइस दी। वहीं कुछ दुकानदार जो कि मांझा विक्रय के लिए रखें थे उन दुकानदारों से माँझे कि जप्ती कार्यावाही में 24 नग नायलॉन चायनीज माँझा जप्त किया गया। इस कार्यवाही में राजस्व प्रभारी नितिन श्रीवास, सहायक राजस्व निरीक्षक कैलाश देवदास, धनंजय कुमार साहू एवं अन्य राजस्व के कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्काई इंटरनेशनल स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव



**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शत्रुजीत सिंग, अंजना शत्रुजीत सिंग, नीता चौहान, निदेशक संकेत जैन, प्रबंधक सुनीता जैन और प्रचार्या माया भट्टाचार्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक एवं उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो अपनी संस्कृति से जुड़े रहने और समाज में आगे बढ़ने के लिए था। बच्चों की प्रस्तुति से विद्यालय में आये अतिथिगण एवं अभिभावकगण मंत्र मुग्ध हो गए एवं पूरा पांडाल लगातार तालियों से गूंजता रहा। विदित रहे इस समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। रंग-बिरंगे कपड़ों में स्कूल पहुंचे बच्चों के डांस को देखकर उसके अभिभावक भी झूमने को मजबूर हो गए।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए दावा आपत्ति 6 जनवरी तक

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के परिपालन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी के आम निर्वाचन 2024-25 के मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए संशोधन, परिवर्धन, विलोपन हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त करने के लिए राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को सूचना के लिए महेश सिंह राजपूत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 के निर्देशानुसार बैठक सोमवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभागार में आयोजित किया गया। उक्त बैठक में चन्द्रशेखर कंवर, निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नायब तहसीलदार एवं नेतराम चन्द्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कुम्हारी की उपस्थिति में मतदाता सूची में संशोधन, परिवर्धन, विलोपन हेतु प्ररूप- 'क', प्ररूप- 'ख' एवं प्ररूप- 'ग' की जानकारी प्रदान की गई। लेख हैं कि नगर पालिका परिषद कुम्हारी के आम निर्वाचन 2024-25 कार्यक्रम अन्तर्गत मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए संशोधन, परिवर्धन, विलोपन हेतु दावा/आपत्ति 30 दिसंबर से आगामी 6 जनवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक एवं 6 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों एवं प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 तक लिया जाएगा।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

**बिजनेस साइट**

## पासपोर्ट संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क करें: श्रीकांत जैन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मे पासपोर्ट के लिए नंबर वन, के नाम से पहचाने जाने वाले श्रीकांत जैन को अब- 'पासपोर्ट के डॉक्टर' के नाम से भी जाना पहचाना जाता है, आप नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए श्रीकांत जैन से संपर्क कर सकते हैं। विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 4 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 45 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया कि हमारे पासपोर्ट के 10,000 से ज्यादा 99.99% संतुष्ट ग्राहक है। आप पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओं के लिए, आप हमारे ऑफिस, स्ट्रीट 20, स्मृति नगर, भिलाई पर संपर्क कर सकते हैं। हमारी संस्था पर एयर टिकट और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीशस, दुबई आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध है साथ ही आप भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी से संबंधित सभी तरह के कार्य के लिए भी संपर्क कर सकते हैं।

## भागवत भगवान मुक्ति का मार्ग बताती है: हरी शरण



**जामगांव आर।** ग्राम औरी में भागवत महापुराण कथा में कथा वाचक हरी शरण वैष्णव (कनेरी वाले) ने भक्तों को भागवत भगवान की कथा सुनाया। यजमान-कौशल चंद्राकर, मीना चंद्राकर, रेखाराज चंद्राकर, सृष्टि चंद्राकर के साथ बडी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे। व्यासपीठ पर आसीन हरी शरण वैष्णव ने कहा कि भागवत भगवान की महिमा श्रवण कर आत्मसात करने वाले जीव का भव भव भटकाव से मुक्ति मिल जाती है। कथा की प्रथम दिवस मे महराज ने भागवत की महात्मा सुनाते हुए भागवत की महिमा बताते हुए सच्चीदानंद भगवान की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान को ही सच्चीदानंद रूप कहा गया है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नए साल में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

**भिलाई।** नए साल को लेकर पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए निर्देश जारी किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि डीजे संचालक, होटल, लॉज, रिसार्ट मालिक, प्रबंधकों को समुचित व्यवस्था करने दिए निर्देश दिए है। नशापान कर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। पार्टी के दौरान किसी भी प्रकार से अश्लील, फूहड़ संगीत बजाकर माहौल खराब करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। नव वर्ष के दौरान शांति व्यवस्था के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था पुलिस ने किया है। आमजनों से अपील है कि नव वर्ष में शांति और सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने में पुलिस का करें। 30 से अधिक जगह पर चेकिंग प्वाइंट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर से नशे में वाहन चलाने वालों की जांच होगी। होटल, रेस्टोरेंट, बार और ढाबे तय समय पर बंद नहीं होते हैं तो लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। आयोजन करने वाले संचालकों को पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी। सड़कों पर कार में शराब पीने वालों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई होगी। होटल में रुकने वालों की भी जानकारी पुलिस को देना अनिवार्य है। 2024 के विदाई और नए साल के आगाज को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्विनसिटी में सैकड़ों की संख्या में सेलेब्रिसन के साथ ही न्यू ईयर का स्वागत भी करते हैं। शहर में कई छोटे-बड़े 50 से अधिक आयोजन स्थल में कई तरह के इवेंट होगा। देर रात तक पार्टी और डीजे का लोग आनंद लेते हैं। आयोजन को लेकर पुलिस के करीब बारह से से अधिक जवान चप्पे -चप्पे पर सुरक्षा के लिए तैनात होंगे।

### बीएसपी का वाहन चालन प्रशिक्षण का उद्घाटित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र, नवा रायपुर (आईडीटीआर) के सहयोग से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के लिए, निःशुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्घाटन सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में रिसाली नगर निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया।इस अवसर पर प्रभारी कमल नारायण साहू, महाप्रबंधक शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे, उप प्रबंधक केके वर्मा भी उपस्थित थे।मुख्य अतिथि श्रीमती वर्मा ने सभी प्रशिक्षु महिलाओं से अपील की कि एकाग्र होकर ड्राइविंग सीखें, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। शकमल नारायण साहू जी ने महिलाओं को ड्राइविंग के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन छत्रपाल देशलहरा ने किया।

# बाबा साहेब अंबेडकर पर टिप्पणी के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भाकपा, माकपा तथा भाकपा (माले) लिबरेशन द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में बाबा साहेब डां. भीमराव अंबेडकर के बारे में दिए गए अपमानजनक बयान के खिलाफ 3 अखिल भारतीय विरोध प्रदर्शन के आह्वान के तहत सेल परिवार चौक, सेक्टर 6 में प्रतिवाद प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शन बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन में गृहमंत्री से माफी मांगने एवं तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई है।

विरोध प्रदर्शन सभा में वामपंथी नेताओं ने कहा कि बाबा साहब के लिए अनादर सूचक भाषा प्रयोग करने का साहस किस विचारधारा से आता है ? उन्होंने कहा कि 32 विषयों में उपाधि प्राप्त करने वाले बाबासाहेब अंबेडकर कोई सामान्य व्यक्तित्व नहीं है, वे उस व्यवस्था के प्रमुख शिल्पकार है जिसके तहत हर तरह के संकट का सामना करते हुए भी भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा एकता एवं अखंडता सुरक्षित है। जबकि पड़ोसी देशों में कई बार ऐसी अराजक स्थिति बनी है कि पूरी की पूरी अवस्था चौपट हो गई। डां. आंबेडकर दलितों के ही नहीं हर तबके के नेता हैं। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार देने, सभी को मताधिकार देने तथा भारत को राज्य घोषित करने जैसे अहम प्रावधानों को संविधान में शामिल करने में उनकी अहम भूमिका है। भारत की एकता एवं अखंडता सुरक्षित है तो उसका श्रेय संविधान को जाता है।

## वामपंथियों ने राष्ट्रपति से की गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग



### निर्वाचन संशोधन वापस लें

वामपंथी नेताओं ने कहा कि विधि मंत्रालय द्वारा 20 दिसंबर को निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में संक्षिप्त धनकर उक्त नियम के उप नियम दो के खंड (क) में संशोधन कर इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज जैसे वीडियो ग्राफी एवं वेबकास्ट की सार्वजनिक निरीक्षण पर लगाए गए प्रतिबंध को भी वापस लेने की मांग की। किसी भी स्तर के चुनाव के समय वीडियोग्राफी करना अनिवार्य है क्योंकि आवश्यकता पड़ने पर उसे क्षेत्र में चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों से लेकर गिनती एवं अन्य मामलों में जांच के लिए यह पुख्ता सबूत के रूप में काम आता है । प्रदर्शन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी, लेनिन वादी) के अलावा बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, ओबीसी महासभा, सीटू, एटक, ऐक्टू के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### एचएससीएल कर्मचारी यूनियन केंद्रीय मंत्रियों से करेगी गुहार

# टाउनशिप के एचएससीएल आवासों से कर्मियों को हटाने का बढ़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में रिटायर एचएससीएल कर्मियों को आवासों से हटाने का विरोध किया है।। एचएससीएल कर्मचारी यूनियन ने ने टाउनशिप में एचएससीएल रिटायर कर्मियों को आवासों नहीं तोड़े जाने की मांग की है। तोड़े जाने से दुर्घटना व सरकारी संपत्ति को नुकसान का अंदेशा भी जताया है। केंद्रीय मंत्रियों से भी मांग की जाएगी।

यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप के अंदर बीएसपी द्वारा एचएससीएल प्रबंधक को उनके कर्मचारियों को रहने के लिए जमीन सौंपा गया था, जिस पर एचएससीएल के कर्मचारी रहा करते थे। वर्तमान में एचएससीएल के कर्मचारी रिटायर हो गए हैं । इसके बाद कर्मचारियों की संख्या खत्म हो गई । वर्तमान में एएससीएल में नियमित कर्मचारी रहे ही नहीं तो ऐसी परिस्थितियों में एचएससी एल ने अपने मकान को पूर्व कर्मचारी और सरकारी विभाग में कार्य करने वाले कर्मचारी जिनका दुर्ग जिले कार्यक्षेत्र है उन्हें देना प्रारंभ किया। कुछ दिनों पूर्व एच एस सी एल के चेयर मेन ने कोलकाता से हठधर्मिता दिखाते हुए मकान का आवंटन बंद कर दिया। इस कारण जो भी मकान खाली होने लगे उसे आबंटित किया जाना संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसी परिस्थितियों में कुछ मकानों में अवैध कब्ज़ा होने लगा। इस पर प्रबंधन ने निर्णय लिया कि जो भी मकान खाली हो रहा है उसे पूरी तरीके से तोड़ दिया जाए।

## प्रबंधन से आवंटन और मकानों को न तोड़े जाने की मांग





### डेढ़ सौ अधिक ब्लाक तोड़े गए

टाउनशिप में पिछले छह साल के दौरान डेढ़ सौ से अधिक अवासीय ब्लाकों को ढहाया गया है। अधिकतर आवास सेक्टर 6 में तोड़े गए हैं। यहां पूर्व में सौ और पिछले दो साल के दौरान सैकड़ों आवासो को तोड़ा गया है । यूनियन के मुताबिक अवैध कब्जा हटानओ अभियान के दौरान जर्जर आवासों को तोड़ जा रहा है। इसके आसपास एचएससीएल व बीएसपी कर्मचारी भी रह रहे हैं। आवासों को तोड़े जाने के बाद खंडहर ठांचे खड़े हैं। अराजकता से रहवासियों को भी परेशानी हो रही है।

### दुर्घटना का अंदेशा

यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने कहा कि टाउनशिप में जर्जर मकानों को तोड़ने से टाऊन शिप की सुंदरता खराब होने लगी और आसपास रहने वाले रहवासी भी बगल में टूटे हुए मकान के बगल में रहने में परेशानी महसूस करने लगे हैं । किसी बिल्डिंग के अंदर एक मकान को तोड़ देना बहुत ही असुरक्षित निर्णय है। इससे बिल्डिंग का स्ट्रक्चर में प्रभाव पड़ने का खतरा है। कभी भी कोई बिल्डिंग में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहेगी। प्रबंधन द्वारा कुछ ऐसे आवासों को तोड़ गया, जिसकी कंडीशन बहुत ही अच्छी थी। इससे सरकारी संपति को भी हानि पहुंच रही है। एचएससीएल प्रबंधन जल्द मकानों को पुनः अलॉटमेंट करने के लिए निर्णय ले और पूर्व की भांति सरकारी कर्मचारियों को मकान आवंटित करें। यूनियन ने कहा कि यूनियन इस संबंध में अपनी शिकायत संबंधित सभी विभागों और केंद्रीय मंत्रियों को से करेगी।

# ट्रेन से धुआं निकलता देख यात्रियों में मची हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



एक्सप्रेस ट्रेन से धुंआ उठता देख सफर करने वाले यात्रियों में सनसनी फैल गई। ट्रेन के दुर्ग स्टेशन पहुंचने पर जांच हुई तो पता चला कि पहिया जाम हो जाने से धुआं उठ रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक विशाखापट्टनम से चलकर मुंबई जाने वाली लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस विशाखापट्टनम से रविवार को 4.55 बजे चली थी। यह ट्रेन भिलाई रेलवे स्टेशन से सोमवार सुबह 5.10 बजे गुजर रही थी। तभी उसके पहिए के पास से काफी तेज धुंआ निकलने लगा। धुंआ निकलता देख यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गई है। इससे उनके बीच हड़कंप मच गया। ट्रेन भिलाई रेलवे स्टेशन से जैसे ही चली यात्रियों ने हंगामा कर शिकायत करना शुरू कर दिया। ट्रेन जैसे ही दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची, वहां रेलवे अधिकारी और कर्मचारी तुरंत पहुंच गए। उन्होंने इसकी जांच की जिसके बाद पता चला कि ट्रेन का पहिया हल्का जाम था। जिससे वह गर्म हो गया और उसमें से तेज धुंआ निकलने लगा। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक यह एक सामान्य घटना है। दुर्ग स्टेशन पर पूरी ट्रेन की जांच की गई। स्थिति सामान्य पाई गई तो अनाउंस कर ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

■ दुर्ग स्टेशन में जांच के बाद रवाना किया

### यादव कल्याण परिषद के हरेन्द्र अध्यक्ष व रामाराज उपाध्यक्ष निर्वाचित



**भिलाई।** यादव कल्याण परिषद का चुनाव यादव भवन सेक्टर-7 में हुआ। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता अशोक शर्मा थे। हरेन्द्र राय अध्यक्ष व रामराज यादव (गब्बर) उपाध्यक्ष बनाए गए। रमाकांत यादव महामंत्री, भागवत यादव सह सचिव, रामकुमार राय व भूपेन्द्र यादव कोषाध्यक्ष, राजकुमार यादव प्रचार मंत्री, कमलेश यादव, सरोज यादव, रंजित यादव, राधे यादव, रामानुज यादव, राजेन्द्र यादव, सुभाष यादव, हरेन्द्र यादव के अलावा 12 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए । बैठक में रामराज यादव, रमाकांत यादव, धर्मेन्द्र यादव, अवधेश यादव, श्यामनारायण यादव, रविन्द्र यादव, प्रकाश यादव, राजेन्द्र यादव, राजेश यादव, हरेन्द्र यादव, भूपेन्द्र यादव, रामकुमार राय, रामविलास यादव, राधे यादव, ओंमप्रकाश याद्व, रंजित यादव, सन्नी यादव, अशोक यादव, तिलक यादव, दिनेश यादव, मनीष राय, मनोज राय, मयंक राय,हेमा राय आदि उपस्थित थे।

# महिला अधिकारी पर अश्लील टिप्पणी के मामले में खात्मे की हुई तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर महिला अधिकारी ने भिलाईनगर पुलिस से शिकायत की थी। इस मामले में प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने धारा 351(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। जांच के बाद साक्ष्य के अभाव में पुलिस ने मामले में खात्मे की तैयारी कर ली है। जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला हाईप्रोफाइल बताया गया है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछता भी की, लेकिन संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। अब इस मामले में पुलिस खात्मा खारिज करने की तैयारी में है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला अधिकारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अश्लील टिप्पणी करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। अक्टूबर महीने में यह कार्रवाई की गई थी। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी तो सीसीटीवी कैमरे को खंगालने पर दो युवक उसमें दिखाई दे रहे थे। जो बंद लिफाफे को पोस्ट करते नजर आए रहे थे। भिलाई नगर पुलिस ने दोनों युवकों की पहचान की। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ भी की। इस मामले में पुलिस का कहना है कि इस मामले में दर्ज केस का खात्मा कर न्यायालय से आदेश लेकर दोबारा जांच करेगी। महिला अधिकारी ने बताया कि जिस विभाग में उसे छग शासन ने ट्रांसफर किया। उस विभाग में पहले से ही एक अधिकारी पदस्थ था। महिला अधिकारी के आने के बाद उस अधिकारी का ट्रांसफर हो गया। इसके चलते महिला अधिकारी को बदनाम करने की साजिश रची है। उसे बदनाम करने को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट डाला गया। रजिस्टर्ड डाक से इसकी जानकारी कुछ लोगों को भेजी गई। पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हूं, जरूरत पड़ने पर न्यायालय में याचिका दायर करुंगी।

■ अक्टूबर महीने में भिलाईनगर थाने में दर्ज हुआ था अपराध

# कांग्रेसियों ने नए साल पर बुजुर्गों को श्रीफल, शाल देकर किया सम्मानित



**भिलाई।** सेक्टर 4 के सर्वेश्वर धाम में नववर्ष के आगाज पर अनोखा परंपरा देखा गया। इस परंपरा में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं कांग्रेस से कार्यकर्ताओं ने उन्हें शॉल और श्री फल देकर सम्मान भी किया। उसके साथ ही कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता सौरभ मिश्रा ने कहा कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने इस परंपरा की शुरुआत की थी। उसी को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। लगातार चार वर्षो से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि भिलाई में सर्व धर्म के लोग निवास करते हैं। भाईचारा को देखते हुए परंपरा शुरुआत की गई। सौरभ मिश्रा ने कहा कि सेक्टर 4 क्षेत्र में कैलेंडर और मिठाई का वितरण भी किया जाएगा। 5 हजार लोग यहां रहते है। सभी को वितरित किया जाना है। कैलेंडर में खास बात है कि हर धर्म को मध्य नजर रखते हुए कैलेंडर को प्रकाशित कराया गया है।




## दया ने 20 से ज्यादा बिंदुओं पर रखी बात, पुराने काम को क्लियर करने दिया अल्टीमेटम

# भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी का आरोप लगाकर मेयर के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

काफी अरसे बाद भाजपा पार्षदों ने शहर सरकार के खिलाफ सोमवार को नगर निगम भिलाई में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। विभिन्न मांगों को लेकर और बिंदुओं की ओर निगम आयुक्त व प्रशासन का ध्यान आकृष्टि कराने किए गए प्रदर्शन में उपनेता दया सिंह ने कमिशनर राजीव कुमार पांडेय को भीड़ में खड़ा कर सभी बिंदुओं को पढ़ा। दया ने कमिशनर भीड़ के समक्ष सवाल किया कि निगम में चल रहा 4 से 10 प्रतिशत कमीशन किसका है? भाजपा पार्षदों ने लोहे के बेरिकेट तोड़ते हुए निगम गेट पर घुसने की कोशिश।

उपनेता दया सिहं का कहना है था कि शहर में समस्याओं का अंबार है। लोग परेशान हैं। जनता त्रस्त होकर थक गई है। नगर निगम भिलाई में कांग्रेस की शहर सरकार है। जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। अधिकारी-कर्मचारी ये समझ ही नहीं पा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आ गई है, कांग्रेस सरकार की मानसिकता छोड़नी होगी।। कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार, लूट आम हो गई थी। जनता परेशान होकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है। लेकिन नगर निगम भिलाई में समस्याओं का पुलिंदा है। जिस पर कोई अधिकारी काम नहीं रहा है। अगर निम्न समस्याओं का समाधान बिना देरी किए नहीं किया गया तो आगे और उग्र आंदोलन होगा।

इस दौरान. पार्षद लक्ष्मी साहू, सरिता साहू ,वीना चंद्राकर, सत्या देवी जयसवाल,जलधर सिंह, राजू शैलजा, परिंका साहू, लक्ष्मी दिवाकर, संजयसिंह, संतोष ,इशमिता दोहरे, चनदेशवरि बन्दे, इशवरी.नेताम, शकुंतला साहू विनोद चेलक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवटि कोशिश,धर्मेंद्र पांडे प्रभा कुशवाहा, मंजू मिस्त्र ,सविता सोनी, विनोद देवगण, मुकेश शर्मा, राकेश प्रसाद, विनोद गुप्ता,प्रमोद सिंह ,प्रशांत कुमार, रवि निगम, राज कुमार यादव, पवन मिश्रा एवं हज़ारों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### श्री पब्लिकेशन को तत्काल प्रभार से हटाया जाए

नगर निगम भिलाई की आर्थिक हालत खराब है। करोड़ों रुपए का टैक्स वसूली बचा है। एजेंसी ठीक से काम ही नहीं कर रहा है। शहर के जिम्मेदार नागरिक जो खुद से टैक्स जमा करते हैं। उस पर भी एजेंसी को कमिशन दिया जा रहा है। अफसर उसपर मेहरबान? एजेंसी को तत्काल हटाया जाए। निगम में कमीशनखोरी बंद किया जाए। निगम में सिविल वर्क हो या सफाई का ठेका हर काम में कमीशन खोरी चल रहा है। प्रशासन और शहर सरकार को कमीशन देने के चक्कर में ठेकेदार भी 20, 25, 30 प्रतिशत एबब रेट भर रहे हैं। इससे ठेकेदार और अधिकारी तो लाल हो रहे है पर आर्थिक हालत निगम की खराब हो रही है। एकल खिड़की 18 प्रतिशत कमिशन एकमुत लिया जा रहा है। प्रशासनिक अफसरों ने 1 से बढ़ाकर दो और अब दो से 6 प्रतिशत कमिशन बढ़ा चुके है।





### इन समस्याओं पर दिलाया गया आयुक्त का ध्यान

टाउनशिप को छोड़ दें तो शहर के अन्य इलाकों खम्हरिया, कोहका, कुरुद, वैशालीनगर, कैंप, छावनी और खुर्सीपार में पेयजल संकट गहरा गया है। टैंकर से इन वार्डों में पेयजल आपूर्ति करें। भविष्य के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें।शहर की अंदरूनी सड़कों का बुरा हाल है। जगह-जगह गड्ढे है, जहां चलना दूभर हो गया है। उन सड़कों का निर्माण किया जाए। कैंप में पेयजल संकट है। अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के बावजूद पानी घर तक नहीं पहुंचा है। जो संकट है। छावनी में कैमिकल युक्त गंदे पानी की आपूर्ति संपवेल से हो रही है। उन संपवेलों को बंद कर पाइप लाइन बिछाई जाए। सुपेला रोड की स्ट्रीट लाइट बंद है। जबकि, सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए। हुडको, वैशालीनगर, शांतिनगर और कैंप-खुर्सीपार में सीवरेज लाइन की बड़ी समस्या है। शहर के उद्यानों का बुरा हाल है। मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से उजाड़ पड़ा हुआ है। सड़क, नाली और सफाई व पानी जैसे विषयों पर काम करने के लिए अलग से सेल का गठन हो। अलग से समिति बनाई जाए। इस समिति में भाजपा पार्षदों को भी रखा जाए। जिससे सुचारू रूप से तर्क दिया जा सके।



04



24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में मंत्रोच्चार कर दी आहुति, देव शक्तियों को दी गई विदाई

**लाइव इवेंट**

## जिपं सभापति मोनू ने शिवभक्तों के लिए चलाई फ्री बस सेवा



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की रायपुर सेजबहार में आयोजित शिवमहापुराण कथा का सोमवार को विराम हुआ। जिला पंचायत सभापति मोनू साहू कथावाचक को विदाई देने माना एयरपोर्ट पहुंचे। यहां साहू ने कथावाचक पं. मिश्रा से आशीर्वाद लिया। अम्लेश्वर में फिर से शिवमहापुराण की कथा मांगी। पं. मिश्रा ने सहमति दी है। सभापति मोनू साहू ने रायपुर में आयोजित शिवमहापुराण कथा के दौरान शिवभक्तों को कथा स्थल तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क बस सेवा प्रदान की। भक्तों के खाने-पीने की व्यवस्था कर सेवा कार्य में भी भागीदारी निभाई। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवमहापुराण कथा में पहुंचे। वे अमलेश्वर में आयोजित शिवमहापुराण कथा के आयोजनकर्ता रहे हैं।

**सिटी इवेंट**

## साउथ के सुपर स्टार डॉ. सुमन ने कराते मास्टर हरीश का किया सम्मान



**भिलाई।** 30 वां फेडरेशन कप ऑल इंडिया कराते एवं मिक्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2024 का भव्य आयोजन बालाजी विद्या मंदिर देवेंद्र नगर रायपुर में किया गया। इसमें दुर्ग जिले से सोतोकॉन फेडरेशन दुर्ग के अध्यक्ष कराते मास्टर हरीश साहू को नेशनल रिफ्रीशिप व जिला टीम मैनेजर के लिए रामकुमार साहू को दक्षिण भारतीय एवं हिंदी सिनेमा जगत के सुपरस्टार डॉ. सुमन तलवार (गब्बर इज बेक/शिवाजी द बॉस) ने अपने हाथो से मेमोंटो भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है। शरीर को मजबूत और मानसिक शक्ति को बढ़ाने के लिए व विषम परिस्थिति में अपनी आत्मरक्षा के लिए हर बालिकाओं को कराते सीखना चाहिए। नारियों को मजबूत व सशक्त बनाने के लिए कराते कोच से निवेदन किया। उन्होंने कहा कि कराते का बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दें, ताकि अधिक से अधिक इनका लाभ ले सकें। कराते मास्टर हरीश साहू व टीम मैनेजर रामकुमार साहू को उन्होंने शुभकामनाएं दी। दुर्ग जिला के बेटियों को आत्मरक्षा व सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। कराते मास्टर हरीश साहू ने अतिथियों का आभार माना और विशेष आभार अपने संसई अरुण पांडे का किया। उनके मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है। साथ ही विशेस अतिथि के रूप में छालीवुड स्टार राइसमिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, युवा नेता आकाश विंग, राज्य कराते संघ यूएस के अध्यक्ष सनत राठौर, भारत सरकार द्वारा अर्जुन अवार्ड विजेता ब्रजभूषण मोहंती, वी सिंगोटे, सन्तोष गुप्ता, एस. राजकुमार सहित अन्य मौजूद थे।

- 30वां फेडरेशन कप ऑल इंडिया कराते एवं मिक्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन

**लाइव इवेंट**

## प्रवीण बने सेल बैडमिंटन टीम के कोच, मार्गदर्शन में खेलेगी टीम



**भिलाई।** ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन बेंगलुरु मैं 2 से 5 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। इसमें देश के सभी प्रमुख पब्लिक सेक्टर की टीमें भाग लेंगी। एलआईसी, एफ़सीआई, आरबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, कोल इंडिया, बीएसएनएल, एमटीएनएल, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आदि प्रमुख टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में सेल की बैडमिंटन टीम भी भाग ले रही हैं। इसमें से भिलाई इस्पात संयंत्र से दो खिलाड़ी और एक कोच का चयन किया गया है। खिलाड़ियों में वेद प्रकाश तिवारी और कपिल नायडू का चयन किया गया है। बीएसपी बैडमिंटन टीम के कोच प्रवीण उपाध्याय का चयन सेल बैडमिंटन टीम के कोच के लिए किया गया है। इनकी इस उपलब्धि पर क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड, अभिजीत भौमिक उप. प्रबंधक तथा बीएसपी बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष जेएन ठाकुर (महाप्रबंधक) नेखिलाडियों को बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी है।

**एलुमिनी मीटः जवाहर लाल नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल खुर्सीपार के 1994 बैच का आयोजन**

# पुराने दिनों को किया याद, टीचर्स और स्टूडेंट्स डांस में साथ में थिरके, सुमधुर गीत भी गाए, गुरुजनों का सम्मान

जवाहर लाल नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल खुर्सीपार के 1994 पास आउट बैच का एनुमनी मीट सुपेला के एक निजी होटल में मनाया गया। इस अवसर पर 70 से ज्यादा पुराने स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस दौरान पुराने दोस्त मिले, गिले-शिकवे शेयर किए। साथ मिलकर समय बिताया। इस ग्रुप में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। अधिकांश महिलाएं इस दिन को सैलिब्रेट करने के लिए रायपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, टाटानगर, जबलपुर, मंडला, बसना, पिथौरा, कवर्धा, एमपी, महाराष्ट्र, यूपी, झारखंड, ओडिशा से लेकर हावड़ा से आईं। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में नृत्य-संगीत का भी आयोजन किया गया। पूर्व छात्रों ने अपने गुरुजनों को भी आमंत्रित किया। आयोजन में वयोवृद्ध शिक्षक ललित कुमार अग्रवाल, अंजय तिवारी, रतनलाल राठौर, आभा दुबे, शारदा बोरकर, पपिया बेनर्जी, शैफाली डे, अनुराधा शैल, अंजूमन खान प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**भिलाई।** पूर्व छात्रों ने अपने पुराने शिक्षकों को अपने बीच पाकर प्रफुल्लित महसूस किया। दंडवत होकर प्रणाम किया। स्कूल लाइफ में की गई बातों को लेकर चर्चा की। टीचर्स को पुराने दिनों में किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्हें याद भी दिलाने का प्रयास किया। गुरुजनों ने भी अपने पुराने दिनों को याद किया। अपने अनुभव शेयर किए। गीत गाकर पूर्व छात्रों के इस आयोजन में चारचांद लगा दिया। 30 साल से बिछड़े स्कूल के साथियों से मिलने बैच के विद्यार्थी भिलाई पहुंचे। स्कूल के दिनों की याद ताजा की। गुरुजनों एक-दूसरे में आए परिवर्तन पर भी कमेंट्स किया, जो पुराने साथी किसी कारण नहीं आ पाए थे, उन्हें भी याद किया। एक-दूसरे के परिवार के बारे में पूछा। जिन शिक्षकों ने उन्हें पढ़ाया, उनके बारे में जानकारियां लीं। बैच के छात्रों ने अपने समय के शिक्षकों का सम्मान किया। उनसे जुड़ी कई दिलचस्प यादें ताजा की। पूर्व छात्रों ने अपने जीवन में स्कूल और शिक्षकों के योगदान को गर्व के साथ साझा किया। समारोह में हंसी-मजाक, डांस, गेम्स और कहानियों का सिलसिला चलता रहा। इन खूबसूरत पलों ने सभी को उनकी सुनहरी यादों से जोड़ा और जीवनभर के लिए नई यादें संजोने का मौका दिया। यह एलुमिनी मीट न केवल दोस्तों को फिर से जोड़ने का माध्यम बना, बल्कि यह भी दर्शाया कि शिक्षा और गुरुओं का महत्व समय के साथ और भी अधिक गहरा होते जाता है।



### खूब मस्ती करने वाले छात्र अंकल बनने के बाद हो गए शालीन



इस दौरान आपस में चर्चा कर रहे पूर्व छात्रों ने बताया कि 30 साल पहले जो बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में क्लास में बैठकर खूब मस्ती करते थे, आज वे अंकल हो चुके हैं। दो से तीन बच्चों के पिता और मां बन चुके हैं। अपने-अपने कामों और फैमिली में व्यस्त हो चुके हैं। ये बच्चे अब इंजीनियर, बिजनेसमैन, टीचर, डॉक्टर आदि बन चुके हैं। अब उनमें काफी शालीनता आ गई है। इस बदलाव को देखकर कुछ अचंभित भी नजर आए। कुछ पहले की तरह ही हंसी-ठिठोली करते नजर आए। इस अवसर पर पूर्व छात्रों में सतीश अग्रवाल, कैलाश वरदानी, राकेश अग्रवाल, सीमा शुक्ला, विजय अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सीमा त्रिपाठी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### गुरुजनों का किया सम्मान, गुरुजनों ने किए पुराने अनुभव शेयर




इस अवसर पर शिक्षकों को शाल-श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल ने कहा कि गुरु हमेशा चाहता है कि उनका पढ़ाया विद्यार्थी कोई बड़ा मुकाम हासिल करे। आज यहां आकर वे अपने आपको धन्य मानते हैं, क्योंकि उनके पढ़ाए बच्चे आज शहर में प्रतिष्ठा अर्जित कर रहे हैं। उनका यह आयोजन काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि ओस की एक बूंद मोती बनती है, घर का मान बेटियां बढ़ाती है। अंजय तिवारी ने कहा कि 30 साल पहले हमने जो नहीं पढ़ाया आज वे बच्चे उससे ज्यादा पढ़ लिख गए हैं। उन्होंने हमें मिलकर रहना सिखा दिया। आपने यह जो आयोजन किया वह काफी अच्छा है, अद्भुत है। रतनलाल राठौर ने भी आयोजन की प्रशंसा की। शिक्षिका आभा दुबे ने एकजुटता को लेकर कहा कि यह एक प्रेम हमेशा बना रहे। इस अवसर पर अन्य शिक्षक-शिक्षकाओं ने भी अपनी बात रखी।

## एक व्यास पीठ पर श्रीमद भागवत कथा और शिव महापुराण, हर दिन जुट रही भीड़








**दुर्ग ।** कसारीडीह सिविल लाईन स्थित मां सतरुपा शीतला मंदिर में एक साथ दो बड़े धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में भक्ति की रसधारा बह रही है। मंदिर परिसर में सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा और शिव महापुराण कथा के श्रवण के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालू उमड़ रहे है। वृंदावन धाम से पधारी साध्वी पूर्वी द्वारा पहली पाली में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है, तो वहीं उसी व्यासपीठ पर वृंदावन धाम के पंडित रत्नेश्वरानंद भी शिव महापुराण कथा से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। कथा के चौथे दिन साध्वी पूर्वी ने ।श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की छटा बिखेरी। इस दौरान बालकृष्ण व वासुदेव की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। समाजसेवी संजय डहरवाल द्वारा वासुदेव का भेष धरा गया था। बालकृष्ण व वासुदेव के दर्शन के लिए श्रद्धालु टूट पड़े। श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्मोत्सव के भजन में नाच-गाकर अपनी श्रद्धाभक्ति प्रकट की। दूसरी ओर पंडित रत्नेश्वरानंद ने शिव महापुराण कथा की लीलाओं का बड़े सजीवता से वर्णन किया। यह कथा 1 जनवरी तक चलेगी। श्रद्धालु प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एवं श्री शिवमहापुराण कथा का संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रवण का लाभ ले रहे हैं। अध्यक्ष रोमनाथ साहू, संजय डहरवाल, भीखम साहू, शिवसागर सिन्हा, धनेंद्र चंदेल आदि मौजूद थे।

## भुवनेश्वर में राष्ट्रीय योगासन स्पर्धा में पंकज ने निभाई निर्णायक की भूमिका



- वर्तमान में सुराना कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर हैं पंकज यादव

**भिलाई।** कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (किट) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय योगासन पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप 2024 में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से पंकज यादव को निर्णायक के रूप में चयनित किया गया था। पंकज यादव दुर्ग जिला निवासी और वर्तमान में सुराना महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। पिछले 15 सालों से योग क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। स्माइल योग संस्थान को भी संचालित करते हैं। यह खुद अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं। उन्होंने पूरे देश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उनके मार्गदर्शन में कई छात्रों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पंकज छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन से भी जुड़े हैं। आयोजित प्रतियोगिता में यादव को लगातार किट यूनिवर्सिटी से तीसरी बार अवसर प्रदान हुआ। इस आयोजित प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने योग प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान करती है। नियमित रूप से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेने प्रेरित करते है।

**रतन भवन बांधा तालाब में किया जा रहा आयोजन, दी जा रही श्रद्धांजलि**

# रतन मुनि की स्मृति में गौसेवा, नवकार मंत्र का जाप और अनुष्ठान पुराना बस स्टैंड में भंडारा, आज गुणानुवाद सभा में जुटेगा जैन समाज

**कार्नर न्यूज**

दुर्ग। भगवान के रूप में पूजे जाने वाले महान संत और जैन आचार्य रतन मुनि का पुण्य दिवस रतन मधुकर भवन बांधातालाब में मनाया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्मृति दिवस सेवा, अनुष्ठान, भक्ति एवं गुणानुवाद के साथ आध्यात्मिक वातावरण में श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। दुर्ग में साध्वी डॉ. विजय श्री आर्या के सानिध्य में यह आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में कार्यक्रम हुए।



### मंगल साधना केंद्र मंगलम में गुरु भक्ति का आयोजन

31 दिसंबर को सुबह 8 बजे से गुरुदेव का गुणगान गुणानुवाद सभा के रूप में तथा गुरु भक्ति का आयोजन बाफना परिवार के सहयोग से किया जाएगा। खैरागढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक संभव लुनिया की भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। गुरुदेव रतन मुनि की पुण्य स्मृति में श्रद्धा भाव के साथ धर्मसभा का आयोजन होगा।वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रवण संघ के पूर्व अध्यक्ष निर्मल बाफना एवं टीकम छाजेड़ ने कहा कि आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे तक रतन पावन धाम मंगल साधना केंद्र मंगलम में गुरु भक्ति और गुणानुवाद सभा के रूप में आध्यात्मिक वातावरण में मनाया जाएगा, जिसमें उप प्रवर्तक डॉ. सतीश मुनि, साध्वी प्रिय दर्शना, डॉ. सुमंगल प्रभा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगी। इसके बाद श्रीकृष्ण गौशाला जीव रक्षा केन्द्र मोहलाई में गोमाता की सेवा और भक्ति की गई। श्रमण संघ स्वध्याय मंडल के सदस्य इस दौरान उपस्थित थे। रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक एक शाम गुरु के नाम के साथ नवकार महामंत्र का जाप, अनुष्ठान किया गया। दिन में पुराना बस स्टैंड में विशाल रतन प्रसादम का आयोजन किया गया, जिसमें 4 हजार से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। तीन दिवसीय इस आयोजन में 31 दिसंबर को गुणानुवाद सभा का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर सामाजिक स्तर पर तैयारी की गई है।

### जमुना देवी निर्मल बाफना के सहयोग से पुराना बस स्टैंड में भंडारा

जमुना देवी निर्मल बाफना के सहयोग से पुराना बस स्टैंड में रतन प्रसादम नाम से भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें 4000 से अधिक श्रद्धालुओं ने गौतम प्रसादी ग्रहण किया। श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल एवं छत्तीसगढ़ युवा श्रमण संघ के सदस्यों के सहयोग से यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा, प्रवीण श्री श्रीमाल, सतीश सुराना, सुरेश लुनिया, टीकम छाजेड़, रमेश बाधमार, संदीप सुराना प्रमुख रूप से मौजूद थे। सभी ने श्रद्धा भाव के साथ पुराना बस स्टैंड में प्रसादी ग्रहण किया। कार्यक्रम में पदम छाजेड़, प्रकाश कांकरिया, नितिन संचेती, सुरेश चोपड़ा, नितेश चौरडिया, पंकज बेगानी, सौरभ रतन बोहरा, सचिन बेद्य, सौरभ आदि ने सहयोग किया।



**सिटी इवेंट**

## छग सिन्हा समाज रत्न सम्मान से सम्मानित हुए प्रो. जीआर सिन्हा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सिन्हा समाज रत्न सम्मान से सम्मानित होकर प्रो जी आर सिन्हा ने छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह सम्मान उन्हें रायपुर के साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय सिन्हा समाज सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित रहे। वर्तमान में गुजरात सरकार द्वारा प्रमोटेड जीएसएफसी लिमिटेड द्वारा संचालित जीएसएफसी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जी आर सिन्हा ने एक साधारण मजदूर परिवार में जन्म लेकर जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने कठिन संघर्षों के बाद शिक्षा और शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। श्री सिंन्हा ने अब तक इटली और सिंगापुर सहित छह देशों की यात्राएं की हैं, जहां उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए और विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में व्याख्यान दिए। छत्तीसगढ़ सिन्हा समाज रत्न सम्मान प्राप्त करने के अवसर पर उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, छत्तीसगढ़ महतारी, विवेकानंद आश्रम रायपुर, अपने स्कूल शिक्षक भगवती प्रसाद वर्मा, अपनी पुत्री सम्प्रति, पत्नी शुभ्रा और अपने शुभचिंतकों को दिया। उनकी यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिन्हा समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे और सभी ने प्रो. सिन्हा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

**आंध्र भवन में सांईनाथ जनसेवा समिति ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर**

# असहायों व निराश्रितों की सेवा कर मनाया स्थापना दिवस, शिविर में अब तक 14000 यूनिट रक्त संग्रह

**भिलाई।** बीत रहे साल 2024 के अंतिम सप्ताह में लोगो को रक्तदान महादान का संदेश देने श्री सांई नाथ जनसेवा समिति के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया और उपस्थित लोगो को आध्यात्म से जोड़ने भागवत गीता वितरित की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे सप्ताह भर अनेक सेवा कार्य समिति द्वारा किये गये साथ ही प्रमुख जनों का सम्मान भी किया गया। श्री सांई नाथ जनसेवा समिति के सातवें स्थापना दिवस पर बालाजी मंदिर के आंध्र भवन में अध्यक्ष जी माधवराव के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आंध्र साहित्य समिति के विशेष सहयोग एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजू तिवारी के संरक्षण में आयोजित शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। डॉ मंजू ने इस मौके पर श्रीमद् भगवद्गीता की प्रतियां भी भेंट की। अब तक सांईनाथ जनसेवा समिति लगभग 14000 यूनिट रक्त संग्रह कर चुकी है। समिति ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र भी दिए। रक्त संग्रह सना ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर ने किया। शिविर में सबसे पहले डॉ के चिरंजीवुलु ने रक्तदान किया।




### प्रमुख व्यक्तियों का सम्मान

इस अवसर पर सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, सह सचिव बीए नायडु, तेलुगु सेना के प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवुलु, विष्णु केमिकल के उपाध्यक्ष एमवी राव, समाजसेवी एनएन राव सहित कई प्रमुख व्यक्तियों तथा 46 विभिन्न सामाजिक संगठनों का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। डॉ मंजू तिवारी ने श्रीमद् भगवद्गीता की प्रति देते हुए कहा कि समाज में जब लोग हिंसक रूप अपना रहे हैं, ऐसे समय में गीता को पढ़ना और उसके सार को आत्मसात करना जरूरी हो गया है। भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अपने पार्थ अर्जुन को गीता का जो ज्ञान दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है।



### सुर संग्राम के कलाकारों ने दी संगीतमय प्रस्तुति

शिविर में सुर संग्राम के कलाकारों ने संगीतमय कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में बीएस मूर्ति, सी संगीता राव, अमल कुमार विश्वास, शुभम मोरे, मनीष काले, पी नरेश, पी पूजा, दामोदर दलाई, वाई बालकृष्णा, वाई हेमावती, रेवती दलाई, अनीता साहू, डॉक्टर एलआर साहू तथा टी प्रह्लाद ने फिल्मी नगमे पेश कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। सना ब्लड केंद्र के स्टाफ में दीपक साहू, स्वाति टंडन, मोहित देवांगन, सोनू देवांगन एवं बी रवि राव शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन के मोहनराव ने किया।

### हफ्तेभर की मानवता की सेवा

जनसेवा समिति ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत पूरे सप्ताह असहायों, निराश्रितों तथा जरूरतमंद गरीबों की अलग-अलग तरीकों से सेवा कर मानवता की मिसाल पेश की। सेवा सप्ताह के प्रथम दिन समिति ने दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों को दोपहर का भोजन कराया तथा कपड़े भी दिए। उसके अगले दिन सेक्टर 6 के सांई बाबा मंदिर में जाकर कंबल वितरण किया गया। तीसरे दिन चंद्रा-मौर्या टॉकीज के पीछे स्थित बस्ती में साड़ियां दी गईं। चौथे दिन सिविक सेंटर स्थित नयनदीप नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों को खाने की सामग्री वितरित की गई। पांचवे दिन फील परमार्थम फाउंडेशन के वृद्धाश्रम में सभी वृद्धजनों के लिए रात के भोजन की व्यवस्था की गई। अगले दिन सेक्टर 8 स्थित स्नेह संपदा आश्रम के मानसिक रूप से विकलांग बच्चों को नए कपड़े दिए गए।



**धर्म लाइव**

## महालक्ष्मी व्रत कर की गई विशेष पूजा, महाप्रसाद का वितरण



**भिलाई।** महालक्ष्मी व्रत पूजा कार्यक्रम जगदम्बा वेलनेस सेंटर पुराना स्टेट बैंक रोड कोहका में आयोजित था। इस दौरान महालक्ष्मी व्रत पूजा, महाप्रसाद, भजन संध्या में सांसद विजय बघेल पहुंचे थे। आयोजन वैद्यराज वाई अप्पल नायडू के निवास में था। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, रामउपकार तिवारी, विनोद सिंग, पार्षद संतोष मौर्या, मोहनलाल गुप्ता समेत अन्य पहुंचे थे।

**1 जनवरी को आयोजन**

## प्राचीन हनुमान मंदिर नववर्ष के लिए सज-धजकर तैयार, पूरे दिन भक्तों का लगा रहेगा तांता



**भिलाई।** मिनी इंडिया का सबसे प्राचीन सेक्टर-9 हनुमान मंदिर सज-धजकर नववर्ष के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बीते 14 वर्षों से नववर्ष के मौके पर हनुमान मंदिर साज-सज्जा का काम विधायक देवेंद्र यादव के निजी दोस्त एमआईसी मेंबर आदित्य सिंह और शरद मिश्रा की टीम करते आ रही है। इस वर्ष भी हनुमान मंदिर की साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया गया है। नववर्ष में प्रतिवर्ष सेक्टर-9 हनुमान मंदिर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान का दर्शन करने आते है।





**कोड़िया महायज्ञ का आयोजन**

## 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में मंत्रोच्चार कर दी आहुति, देव शक्तियों को दी गई विदाई



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुज हरिद्वार के तत्वावधान में राष्ट्र को सक्षम, समर्थ एवं समृद्धिशाली बनाने के लिए एक आध्यात्मिक प्रयोग के तहत ग्राम कोड़ीया हनोदा में 25 से 28 दिसम्बर तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। इस धार्मिक अनुष्ठान को देवभूमि उत्तराखंड गायत्री तीर्थ शांतिकुज हरिद्वार से आये प्रज्ञापुत्र आचार्य नरेन्द विधार्थी, डॉ डी पटेल, तापेश्वर सांडिया, शिवम कुमार, मृणाल पाल ने संपन्न कराया। चार दिवसीय यज्ञीय कार्यक्रम में पांच हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### संपन्न हुए विद्या आरम्भ व पुंसवन संस्कार

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में ग्राम कोड़ीया, हनोदा, धनोरा, उतई, सेलूद, बोरसी, दुर्ग, भिलाई, बोरिगार, कातरो, पुरई, फेकारी सहित आस-पास से आये सभी लोगो ने वेद मंत्र का सस्वर उच्चारण कर यज्ञ कुण्ड में आहूति समर्पित किये। यज्ञ के साथ-साथ हरिद्वार से आये आचार्यो द्वारा गायत्री मंत्र की दीक्षा, विद्या आरम्भ संस्कार, पुंसवन संस्कार कराये गये। कार्यक्रम के चौथे दिन सबके जीवन को प्रकाशवान बनाने अलौकिक दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। इसके लिए पांच हजार एक सौ एक दीपक प्रकाशित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिदिन महिला सशक्तिकरण के तहत महिला जागरण कार्यशाला आयोजित की गई।

### गांव में रहा उल्लासपूर्ण वातावरण



गायत्री प्रज्ञापीठ कोडिया के परिजनों तथा ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिदिन भोजन भंडारा कराया गया। चारों दिन गांव में त्यौहार जैसा वातावरण बना रहा। जन कल्याण के लिए आयोजित चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में उमेश कुमार साहू, डॉ एन.के. सिन्हा, आदित्य, देवीलाल साहू, एसपी सिंह, लोकनाथ साहू, डॉ. पीएल साव, अनीता साव, युवराज साहू उतई, दुष्यंत साहू, धीरज लाल टांक, मेघा राठी, रजनी रॉय, प्राणेश विस्वास, मीनाक्षी विश्वास, सुलेखा साहू, कुंती साहू, रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल साहू, गिरधारी लाल साहू, सुनील वैष्णव, डॉ. शशिकांत फटिंग, डॉ शोभा फटिंग, मोहन उमरे, युगल किशोर साहू सहित गायत्री प्रज्ञापीठ ग्राम कोड़ीया, गायत्री प्रज्ञापीठ हनोदा, धनोरा, उतई, बोरसी, दुर्ग, भिलाई, बोरिगारका, कातरो आदि मौजूद थे।

**समाज इवेंट**

## अनीता को राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान



**भिलाई।** रेडिएंट टैलेंट बुक ऑफ़ रिकाड्र्स एवं ज्ञानोदय फाऊंडेशन नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 19वे अखिल भारतीय प्रतिभा महासम्मेलन 2024 में अनीता सरकार को शिक्षा, योग, बालिकाओं के उच्च शिक्षा और ब्यूटी प्रेजेंट में उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन मोर हिंदी भवन सीताबाड़ी नागपुर में किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष क्रांति महाजन फाउंडर रेडिएंट टैलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड मुख्य अतिथि शहीद भगत सिंह के भतीजे सरदार किरन जीत सिंह थे। विशेष अतिथि अतुल निकम राज्य संचालक नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर सीजी, मिसेज इंडिया वाराणसी मिसेज बिंदा शुक्ला और अभिनेत्री मृणाल गायकवाड थी। महासम्मेलन में 15 राज्य में छत्तीसगढ़, कोलकाता, असम, राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र उड़ीसा आदि स्थानों से पहुंचे लोगों यह सम्मान प्रदान किया गया। गौरतलब हो कि अनीता सरकार विगत कुछ वर्षो से योग, बालिकाओं के उच्च शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण, ब्यूटी प्रेजेंट के क्षेत्र में सार्थक योगदान रहा है। हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में दो अवार्ड भी जीत चुकी है. अनीता के सम्मान का श्रेय अपने परिवार दोस्तों, पति प्रशांत सरकार, पुत्र प्रोन्नॉय, पुत्री प्रोन्नति को दिया।

### प्रथम सीएम पं. शुक्ल की पुण्यतिथि आज



**भिलाई।** अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रविशंकर शुक्ल की 67 वीं पुण्यतिथि 31 दिसंबर मंगलवार को सेक्टर-9 स्थित प्रतिमा स्थल पर सुबह 9.30 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।भिलाई बिरादरी के सदस्य और आम लोगों श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समूह व दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के और पं रवि शंकर शुक्ल सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति और कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच द्वारा किया गया है। समिति के महासचिव मनोज मिश्रा और जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

**ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा दुर्ग में पुण्यतिथि का आयोजन**

# ओमप्रकाश व कमला की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि आज्ञाकारिता व वफादारी इन आत्माओं की विशेषता

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में ब्रह्माकुमारीज के क्षेत्रीय निर्देशक ओम प्रकाश और कमला दीदी संचालिका ब्रह्माकुमारीज छत्तीसगढ़ के पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज दुर्ग के शहरी, ग्रामीण अंचल व भिन्न सेवाकेंद्रों के अलावा शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर सभी ने श्रद्धांजली अर्पित किए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज दुर्ग के विभिन्न स्थानों के साधकों ने ओमप्रकाश भाई व कमला दीदी के साथ अपने बिताए हुए संस्मरणों का अनुभव सुनाया जिसमें उनकी विशेषता को धारण कर अपना जीवन परमात्मा सम बनाने की प्रेरणा लिए।



### आनंद सरोवर शुभ संकल्पों की देन

रीटा बहन ने कहा कि सभी ओमप्रकाश भाई व कमला दीदी के पुण्यतिथि पर यहां उपस्थित हुए हैं यह आनंद सरोवर उनके ही शुभ संकल्पों की देन है जिससे अनेक आत्माओं की सेवा हो रही है और अध्यात्म जगत की अनेक महान हस्तियां आनंद सरोवर आ चुकी है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी दुर्ग के प्रथम विद्यार्थी बसंत मोदी, गोकुल साहू, रामेश्वर चंद्राकर ने ओमप्रकाश भाई एवं कमला दीदी के साथ बीते हुए पलों के संस्मरण सुनाएं। इस दौरान महावीर अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, पवन बड़जात्या सहित अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया और लक्ष्मण सोनी, मुरली भाई ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी।

### ब्रह्माकुमारीज ने किया नवीनता का अनुसरण

ब्रह्माकुमारीज दुर्ग संचालिका रीटा बहन ने अपने उद्बोधन में ओमप्रकाश भाई व कमला दीदी जैसी आत्माओं की विशेषता बताते हुए कहा कि ओमप्रकाश भाई परमात्मा शिव के निराकार माध्यम साकार ब्रह्मा के आज्ञाकारी थे ऐसे ही कमला दीदी ओम प्रकाश भाई की आज्ञाकारी थी। दूसरी विशेषता इन आत्माओं की वफादारी अर्थात पवित्रता, ओम प्रकाश भाई की तीसरी विशेषता बुद्धिमान और विवेकशील भी थे हर बात में नवीनता उनकी यह विशेषता थी। ऐसी नवीनता जिसे आज ब्रह्माकुमारीज में अनुसरण किया।



सिटी स्पोर्ट्स

# सालासर प्रीमियर लीग में तीन मैच



**रायपुर।** सालासर प्रीमियर लीग सरोना में रविवार को तीन मैच हुए पहले सालासर सुपर किंग्स वर्सेस सालासर अवेंजर का मैच हुआ। इसमें अवेंजर ने 55 रन का लक्ष्य दिया, जिसको सुपर किंग्स ने आठ ओवर में ही रन बना लिए, दूसरे मैच में सालासर नाइट राइडर वर्सेस सालासर डेयरडेविल के बीच हुआ सालासर डेविल ने 78 रन बनाएं। इसके जवाब में आठ ओवर दो बाल में नाइट राइडर ने जीत हासिल की। इसमें संयम अग्रवाल ने शानदार बैटिंग करते हुए 71 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में सालासर सुपर किंग्स वर्सेस सालासर ब्लू आईज बॉयज के बीच हुआ।

■ **संयम अग्रवाल ने शानदार बैटिंग करते हुए 71 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे**

इसमें सालासर सुपर किंग्स ने 100 रन का लक्ष्य सालासर ब्लू आईज को दिया। ब्लू आईज 10 ओवर में 84 रन ही बना पाई। पांच विकेट के नुकसान पर और सुपर किंग ने मैच जीत लिया। इस मैच में राकेश खुटेश्वर ने 25, शशांक साहू ने 22 रन बनाए। एक विकेट लिया जो की मैन ऑफ द मैच रहे, मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार सालासर महिला मंडल प्रमुख सुनीता सत्संगी, हरपाल सिंह भामरा एवं विवेक बर्मन के द्वारा दिया गया ।

# नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिपः छत्तीसगढ़ को तीन स्वर्ण के साथ 10 पदक



**रायपुर।** कर्नूल आंध्र प्रदेश में आयोजित 8वीं नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में छत्तीसिगढ के खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित 10 पदक जीते हैं। स्वर्ण पदक जीतने वालों में अंडर- 19 कैटेगरी में तुमेश्वरी साहू व मिनाक्षी साहू और अंडर- 14 वर्ग में खिलेंद्र साहू शामिल हैं।

27 और 28 दिसंबर को आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की 11 खिलाड़ियों की टीम ने महिला कोच और महाराष्ट्र मंडल की सह सचिव मालती मिश्रा और पुरुष वर्ग के कोच प्रवीण क्षीरसागर के मार्गदर्शन में भरपूर जोश और जुनून के साथ हिस्सा लिया। मालती मिश्रा के मुताबिक अंडर-19 वर्ग में तेलंगाना और महाराष्ट्र की टीम को चित करते हुए हमारी खिलाड़ी तुमेश्वरी साहू और मिनाक्षी साहू ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-14 में खिलेंद्र साहू ने तमिलनाडु के खिलाड़ी को सीधे मुबाकले में चारों खाने चित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग के अंडर- 17 के फायनल में पुष्कर साहू ने तेलंगाना के खिलाड़ी से परास्त होने के बाद सिल्वज मेडल हासिल किया। इसी तरह अंडर- 14 में तारक साहू आंध्र प्रदेश के फायटर से पराजित होकर रजत पदक प्राप्त किया। अंडर- 14 कैटेगरी में अक्षत चंद्राकर ने भी रिंग में कमाल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर जीता। चित्रांश साहू ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के खिलाफ शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ महिला टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी वर्तिका क्षीरसागर ने अपने वर्ग में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के खिलाड़ियों के साथ रिंग फाइट करते हुए ब्रांज मैडल जीता।

■ **तुमेश्वरी, मिनाक्षी व खिलेंद्र साहू ने जीता सोना, वर्तिका को चांदी**

छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के महासिचव ओपी कटारिया ने बताया कि पहली बार में प्रदेश की 11 सदस्यीय टीम को तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ कुल 10 मैडल मिले। चैंपियनशिप में 22 राज्यों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। एसोसिएशन के संरक्षक व महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, अध्यक्ष चेतन गोविंद दंडवते ने आंध्रा में आयोजित रिंग फाइट चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों को उनके उच्चर स्तरीय प्रदर्शन और सफलता पर बधाई दी और कहा कि भविष्य में कभी भी रिंग फाइट के अभ्याक के लिए खिलाड़ियों को किसी भी तरह के संसाधन व सुविधा की जरूरत होगी, तो हम उसे तत्काल पूरा करेंगे। साथ ही उन्हें प्रोत्सीहित करेंगे।

## आमतौर पर लोग बनाते हैं आम, नींबू या मिर्च के अचार

# सर्दियों में बनाकर खाएं इन चीजों के अचार बढ़ेगा खाने का स्वाद और मिलेगी गर्माहट

सर्दी का मौसम आते ही खान-पान की चीजों में बदलाव आ जाता है। इस मौसम में अचार का खास महत्व होता है, क्योंकि ये न केवल खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। आमतौर पर लोग आम, नींबू या मिर्च के अचार बनाते हैं। हालांकि, आज हम आपको 5 ऐसे अचारों की रेसिपी बताएंगे, जिनका स्वाद अलग होता है। ये अचार आपके भोजन को नया स्वाद देंगे और ठंडक से भी बचाएंगे।





### आंवला और अदरक का तीखा अचार

आंवला और अदरक का अचार सर्दियों की ठंडक को मात दे सकता है। इसे बनाने के लिए आंवले को उबालकर उसके बीज निकाल लें और अदरक को बारीक काट लें। अब दोनों सामग्रियों को सरसों के तेल में भूनें और उसमें मेथी, राई, हल्दी और लाल मिर्च डालें। अंत में इसमें नींबू का रस मिलाएं, ताकि अचार की खट्टास बढ़ जाए। यह अचार विटामिन C से भरपूर होता है, जो आपकी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

### कटहल का चटपटा अचार

अगर आप कुछ अलग और अनोखा बनाना चाहते हैं तो पंजाबी स्टाइल वाला कटहल का अचार चुनें। इसके लिए कटहल को छोटे टुकड़ों में काटकर उबाल लें, ताकि वह नरम हो जाएं। इसे सरसों के तेल में भूनें और उसमें जीरा, अजवाइन, हल्दी और धनिया पाउडर डालें। इसके बाद इसमें अमचूर पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाएं, ताकि सभी मसाले अच्छी तरह घुल जाएं। इस मिश्रण को कुछ दिनों तक धूप में रखें, ताकि इसका स्वाद बेहतर हो सके।

### करौंदे और लहसुन का कश्मीरी स्टाइल अचार

करौंदे और लहसुन का कश्मीरी स्टाइल अचार आपके भोजन के स्वाद को दोगुना कर सकता है। करौंदे की खटास और लहसुन की तासीर मिलकर एक अनोखा स्वाद देती है, जिसे आप भूल नहीं पाएंगे। करौंदे को धोकर सुखा लें, फिर इन्हें लहसुन की कलियों के साथ सरसों के तेल में भूनें। इसमें कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर डालें, ताकि इसका रंग गहरा हो जाए और स्वाद भी बढ़िया हो सके। इसे धूप में सूखने दें और आनंद लेकर खाएं।

### सहजन के फूलों का दक्षिण भारतीय अचार

सहजन के फूलों का दक्षिण भारतीय अचार तैयार करने के लिए सबसे पहले सहजन के फूलों को सुखाकर पीसा जाता है। इसके बाद इसमें नारियल के तेल के साथ करीपत्ता, राई दाना और अन्य जरूरी सामग्री मिलाई जाती है। यह अचार न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें स्वास्थ्य लाभकारी गुण भी होते हैं। इसका विशिष्ट सुगंधित प्रभाव इसे खास बनाता है, जो दक्षिण भारतीय व्यंजनों के साथ बढ़िया लगता है।



# अगर आप स्वस्थ तरीके से मनाना चाहते हैं नए साल का जश्न, तो अपनाएं ये तरीके

आज रात से ही 2024 को अलविदा कहने और नए साल का स्वागत करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा और देर रात तक आयोजन होते रहेंगे। इस दौरान लोग अपने करीबियों के संग मिलकर पार्टी करते हैं और जश्न मनाते हैं। हालांकि, नए साल के मौके पर लोग सेहत की फिक्र किए बिना ही अधिक कैलोरी वाले व्यंजनों का सेवन कर लेते हैं। इस साल आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और इन स्वस्थ तरीकों के जरिए ही इस त्योहार का आनंद लेना चाहिए।

### शराब का सेवन न करें

नए साल के जश्न के दौरान कई लोग शराब का सेवन करते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। शराब के सेवन को जहां समाज भी हेय दृष्टि से देखता है वहीं इसके कारण कई दुर्घटनाएं और विवाद तक हो जाते हैं। शराब के सेवन से न केवल अपना बल्कि दूसरों का भी आनंद खराब हो जाता है। इधर शराब के सेवन से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, लिवर खराब होता है। आप इसकी जगह नए साल पर संतुलित मात्रा में जूस, मिल्क शेक, कॉफी या चाय जैसे पेय पदार्थ पी सकते हैं।

### पौष्टिक खाद्य पदार्थों को मेन्यू में शामिल करें

नए साल के मौके पर स्वस्थ खाद्य पदार्थों और व्यंजनों का चयन करना सेहत के लिए अच्छा हो सकता है। अपनी पार्टी में चिप्स, बिस्कुट, कोल्ड ड्रिंक और कैंडी जैसे स्नैक्स न रखें। इनके बजाय आप पार्टी के मेन्यू में फल, मेवे, सलाद और ताजे फलों के जूस जैसे व्यंजन शामिल कर सकते हैं। नए साल पर ऐसे व्यंजनों का सेवन करें, जो वजन बढ़ाने में योगदान न देते हों और चीनी व प्रिजर्वेटिव्स से रहित हों।



### डांस जैसी मजेदार गतिविधियां करें

नया साल दोस्तों और परिवार वालों के साथ मिलकर जश्न मनाने का सबसे अच्छा मौका होता है। इस दिन आपको आलस से बचना चाहिए और मजेदार गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। आप नए साल की पार्टी के दौरान डांस कर सकते हैं, खेलों का आनंद ले सकते हैं या यात्रा पर जा सकते हैं। इन गतिविधियों के जरिए आपका शरीर ऊर्जावान और सक्रिय रहेगा और आप सेहतमंद भी रह सकेंगे। जानिए विभिन्न देशों में कैसे मनता है नया साल।

### भूख से ज्यादा खाने से बचें

नए साल जैसे सभी अन्य त्योहारों पर लोग भूख और जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से हानिकारक होता है और कब्ज, दस्त, उलटी और बेचैनी जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। ऐसे में नए साल की पार्टी के दौरान उतना ही खाना खाएं, जितनी आपको भूख हो। लालच में आकर अधिक भोजन न करें और अपनी दैनिक कैलोरी की मात्रा को भी ध्यान में रखें।

# सर्दियों में बालों की तेल मालिश करने से मिलते हैं कई लाभ

गर्मियों में तो सभी तेल मालिश कर लेते हैं, लेकिन सर्दी के मौसम में कुछ लोग बालों में तेल डालने से परहेज करते हैं। हालांकि, इस मौसम में बालों की देखभाल के लिहाज से ऐसा करना जरूरी होता है। सर्दियों के दौरान बाल रूखे हो जाते हैं और रूसी की परेशानी भी बढ़ने लगती है। बालों की इन समस्याओं से बचने के लिए सर्दी के मौसम में भी तेल लगाना चाहिए। आइए ऐसा करने के 5 मुख्य लाभ जानते हैं।



### सुधरता है रक्त संचार

सर्दी के मौसम में आपको बालों में तेल लगाने के बाद सिर की मालिश भी करनी चाहिए। ऐसा करने से ऑक्सीजन और पोषक तत्व बालों तक अच्छी तरह पहुंच पाते हैं और रक्त संचार बढ़ जाता है। इसके जरिए बाल जल्दी लंबे होने लगते हैं और उनका टूटना भी काफी हद तक कम हो जाता है। साथ ही, इससे बालों की मजबूती भी बढ़ती है और उन्हें घना बनाने में भी मदद मिलती है।

### पर्यावरणीय नुकसान से होती है बालों की सुरक्षा

सर्दी के मौसम में नमी बेहद कम हो जाती है और ठंडी हवाएं चलने लगती हैं। इन पर्यावरणीय बदलावों का प्रभाव बालों पर भी पड़ता है, जिनके कारण वे रूखे हो जाते हैं और टूटने लगते हैं। अगर आप इस मौसम में तेल लगाएंगे तो वह एक सुरक्षात्मक परत की तरह काम करेगा और बालों को पर्यावरणीय क्षति से बचाएगा।

### बाल हो जाते हैं हाइड्रेट

सभी के सिर की त्वचा पर प्राकृतिक तेल मौजूद होते हैं, जो ठंडे तापमान के कारण सूख जाते हैं। इससे बालों का रूखापन बढ़ता है, सिर की त्वचा शुष्क हो जाती है और रूसी होने लगती है। ऐसे में आपको हफ्ते में एक बार नारियल तेल, बादाम के तेल या आर्गन तेल से मालिश करनी चाहिए।

### बढ़ती है बालों की चमक

बदलते मौसम के कारण कई लोगों के बालों की चमक खो-सी जाती है। ऐसे लोगों को चमक वापस पाने के लिए नियमित रूप से तेल लगाना चाहिए। बालों में तेल लगाने से वे मुलायम हो जाते हैं, जिससे बालों का झड़ना कम हो जाता है और वे चमकदार बन जाते हैं। जैतून या अरंडी के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो बालों को मुलायम बना सकता है और उनकी चमक को बरकरार रखने में मदद कर सकता है।

# सर्दियों में अपनी डाइट में शामिल करें ये सूपरफूड्स, रहेंगे बढ़ेगी इम्युनिटी

सर्दियों में भरवां परांठा, क्रीमी सूप और गाजर का हलवा जैसे व्यंजन वजन को बढ़ा सकते हैं क्योंकि ये अधिक कैलोरी और फैट्स से युक्त होते हैं। इसलिए अगर आप वजन प्रबंधन की कोशिश कर रहे हैं तो इन व्यंजन की जगह कुछ सुपरफूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। इसका कारण है कि वे हाई फाइबर, प्रोटीन, आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो सर्दियों में आपको स्वस्थ और फिट रख सकते हैं।



**मैग्नीशियम का एक समृद्ध स्रोत बाजरा :** बाजरे में मौजूद प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और विटामिन्स जैसे आवश्यक पोषक तत्व इसे खास बनाने का काम करते हैं। यह मैग्नीशियम का भी एक समृद्ध स्रोत है, जो ब्लड प्रेशर और दिल के दौरे के खतरे को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। बाजरे से बने व्यंजनों का सेवन पाचन से संबंधित समस्याओं को दूर करने में भी मदद कर सकते हैं। यहां जानिए 5 तरह के अनाज के दूध का सेवन करने के फायदे।

**फाइबर, पोटेशियम और फास्फोरस से भरपूर ज्वार :** ज्वार की खेती भारत में बड़े स्तर पर की जाती है। ये फाइबर, पोटेशियम और फास्फोरस आदि पोषक तत्वों से भरपूर होता है। पोटेशियम और फास्फोरस खून में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है और हाई ब्लड प्रेशर के साथ-साथ ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायक हो सकता है, जबकि फाइबर पाचन के लिए बहुत जरूरी होता है। यहां जानिए ज्वार को डाइट में शामिल करने के तरीके।

**विटामिन बी 3 का स्रोत उड़द की दाल :** उड़द की दाल में मौजूद कम वसा और कैलोरी पाचन में सुधार कर सकती है, जबकि प्रोटीन और विटामिन-बी3 का बेहतरीन स्रोत होने के कारण यह हड्डियों को मजबूत करने, ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखने जैसे काम कर सकती है। सर्दियों के दौरान आप उड़द की दाल का सलाद, साल्सा और बरिटो जैसे व्यंजन बनाकर खा सकते हैं। यहां जानिए सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने वाले सुपरफूड्स।

कार्नर न्यूज

## नए साल का जश्न केक के बिना माना जाता है अधूरा

# नए साल को खास बनाने के लिए बनाएं ऐसा केक जो सभी को आए पसंद

आज से ही पूरी दुनिया में नए साल का त्योहार मनाया जाएगा, जिसे नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व पर कई लोग पार्टियां आयोजित करते हैं, जिसके दौरान तरह-तरह के पकवान तैयार किए जाते हैं। हालांकि, नए साल का जश्न केक के बिना अधूरा माना जाता है। इस नए साल पर आप बेकरी से लाने के बजाय घर पर ही ये 4 तरह के केक बनाएं। इनका स्वाद चखकर सभी मेहमान आपकी तारीफ करेंगे और इनकी रेसिपी पूछेंगे।



### चॉकलेट केक

आप नए साल की पार्टी के मेन्यू में चॉकलेट केक शामिल करके सबको खुश कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरे में दही, पिसी चीनी और तेल को मिलाएं। अब इसमें छन्नी रखने के बाद मैदा, कोको पाउडर, बेकिंग पाउडर और चुटकीभर नमक शामिल करें। इसे अच्छी तरह मिलाएं और इसमें थोड़ा-थोड़ा करके दूध डालते रहें। जब मिश्रण पतला हो जाए, तो इसमें पिघली हुई चॉकलेट मिलाएं और केक टिन में डालकर बेक कर लें।

### स्टिकी टॉफी पुडिंग

स्टिकी टॉफी पुडिंग खजूर का केक होता है। इसके लिए मक्खन और भूरी चीनी को फेटें और उसमें मैदा, नमक, बेकिन पाउडर, दालचीनी पाउडर, लौंग का पाउडर, जायफल पाउडर, अखरोट और बेकिंग सोडा मिलाएं। खजूर को पीसकर पेस्ट तैयार करें और उसे मक्खन वाले मिश्रण में मिलाएं और केक बेक कर लें। स्टिकी टॉफी सॉस तैयार करने के लिए एक कटोरे में क्रीम, मक्खन, भूरी चीनी और नमक मिलाएं।

### कैरेट केक

नए साल का जश्न सर्दियों में पड़ता है, जिस दौरान गाजर भी उपलब्ध रहती हैं। आप गाजर का इस्तेमाल करके स्वादिष्ट कैरेट केक तैयार कर सकते हैं। इसके लिए 3 कप गाजर को कद्दूकस कर लें। एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर, दालचीनी पाउडर और चुटकीभर नमक मिलाएं। एक अन्य बर्तन में तेल, चीनी और बेकिंग सोडा मिलाकर सूखे मिश्रण में मिलाएं। अब इसमें गाजर और सूखे मेवे डालें और मिलाकर बेक करें।



### अनानास का अपसाइड-डाउन केक

अनानास का अपसाइड-डाउन केक बनाने के लिए आपको मक्खन, भूरी चीनी, अनानास के गोल टुकड़े, चेरी, पिसी चीनी, बेकिंग पाउडर, मैदा, दूध और वनीला का अर्क चाहिए होगा। सबसे पहले केक टिन में मक्खन डालें और ऊपर से भूरी चीनी का छिड़काव करें। इसपर अनानास के टुकड़े और चेरी की एक परत बिछा दें। अब एक बर्तन में मैदा, मक्खन, चीनी, बेकिंग पाउडर, वनीला का अर्क और दूध मिलाएं। इस मिश्रण को केक टिन में डालकर बेक करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रसूलोफ की फिल्म से सेंसर किया गया हिजाब जलाने वाला सीन




केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने हाल ही में ईरानी फिल्म निर्माता मोहम्मद रसूलोफ की राजनीतिक थ्रिलर 'द सीड ऑफ द सेक्रेड फिग' में कुछ संपादन के निर्देश दिए। इसमें धूम्रपान के उपयोग से संबंधित मानक अस्वीकरण और उपशीर्षक जोड़ना शामिल है। हालांकि, एक विशेष मांग ने विवाद को जन्म दे दिया है। सीबीएफसी ने हिजाब जलाने वाले दृश्यों को हटा दिया है, जो ईरान के 'महिला, जीवन, स्वतंत्रता' आंदोलन में प्रतिरोध का प्रतीक है। भारतीय वितरण टीम का एक करीबी अंदरूनी सूत्र सीबीएफसी के फैसले से निराश था। उन्होंने एक मीडिया हाउस को बताया, 'हम कुछ मुख्य सीन को हटाने के आदेश से निराश हैं। वे क्षण कहानी के केंद्र में हैं, जो विद्रोह की भावना का प्रतीक है जिसे फिल्म उजागर करना चाहती है। वर्तमान माहौल को देखते हुए, सीबीएफसी संभावित प्रतिक्रिया के बारे में सतर्क थी लेकिन इन सीन को काटना कलात्मक अखंडता पर एक समझौता जैसा लगेगा।' ईरान में गुप्त रूप से फिल्माई गई 'द सीड ऑफ द सेक्रेड फिग' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिली है। इसने कान और अन्य प्रमुख फिल्म समारोहों में पुरस्कार जीते हैं। निर्माता जीन-क्रिस्टोफ साइमन ने प्रोडक्शन के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने खुलासा किया, 'शूटिंग एक थ्रिलर की तरह महसूस हुई।

### टॉलीवुड

## हॉरर फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य कार्तिक वर्मा दंडू करेंगे निर्देशन



साउथ अभिनेता नागा चैतन्य फिल्म धूता में नजर आए थे। फिल्म धूता ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को प्रंशसक की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस हॉरर फिल्म के अलावा नागा एक और हॉटट फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को विरुपाक्ष के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2023 में प्रीमियर होने वाली अमेजन प्राइम सीरीज धूता के बाद, नागा चैतन्य एक धासूं सुपरनैचुरल थ्रिलर जॉनर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य विरुपाक्ष फेम कार्तिक वर्मा दंडू के निर्देशन में एक और सुपरनैचुरल थ्रिलर पर काम कर रहे हैं। हाल ही में अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला के साथ एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधने वाले नागा चैतन्य को अगली बार भावनात्मक समुद्र तटीय प्रेम कहानी थंडेल में देखा जाएगा। इस फिल्म में नागा के साथ साई पल्लवी नजर आएंगी। नागा चैतन्य फिल्म थंडेल में एक मछुआरे की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह पहली बार है, जब वह एक ग्रामीण किरदार निभा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अरविंद ने इस फिल्म का निर्माण 60 करोड़ रुपये के बजट पर किया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह नागा चैतन्य की अब तक की किसी भी फिल्म का सबसे बड़ा बजट है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## रानी चटर्जी 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट पर खाना पकाती आईं नजर



बड़की बहू छोटकी बहू फेम भोजपुरी फिल्म जगत की खूबसूरत और सफल एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट से एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाती दिखाई दीं। एक्ट्रेस ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग में सबसे अच्छी बात क्या है। आगामी फिल्म से जुड़ी पोस्ट हो या जिंदगी से जुड़ी कोई और अपडेट, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने प्रशंसकों को नए-नए पोस्ट से मुखातिब कराती रहती हैं। आगामी फिल्म 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट से इंस्टाग्राम पर एक ताजा पोस्ट शेयर कर रानी चटर्जी ने कैप्शन में गांव के लिए एक लाइन में ही अपने जज्बात को उतार दिया। उन्होंने लिखा, 'फिल्म की शूटिंग की सबसे अच्छी बात है कि इससे गांव के जीवन का बहुत अच्छा अनुभव मिलता है। 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट पर।' रानी चटर्जी इंटरनेट पर छाई रहती हैं। हाल ही में उन्होंने 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' सेट से एक पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को बताया था कि सर्दी बढ़ चुकी है। तस्वीरों में अभिनेत्री लाल रंग की साड़ी के साथ शॉल ओढ़े नजर आईं।

लाइफ स्टाइल

## मोनालिसा की तरह बनवाएं ब्लाउज

साड़ी का असली लुक तो तभी निखर कर आता है, जब उसका ब्लाउज भी स्टाइलिश ढंग में स्टिच कराया जाए। ऐसे में सही ब्लाउज डिजाइन चूज करना बेहद जरूरी हो जाता है। भोजपुरी क्वीन मोनालिसा के साड़ी लुक्स फैंस को खूब पसंद आते हैं। उनकी साड़ियों का कलेक्शन बहुत शानदार है। साथ ही उनके ब्लाउज डिजाइन भी बहुत ही फैंसी और यूनिक होते हैं। आप भी उनके ब्लाउज डिजाइन जैसा ही कुछ अपने लिए भी स्टिच करा सकती हैं।



## फटे होंठ कहीं बन न जाएं शर्मिंदगी की वजह, इन घरेलू तरीकों को अपनाएं, रहेंगे एकदम सॉफ्ट

फटे होंठों का होना एक कॉमन समस्या है जो कि मौसम बदलने के बाद होती है। खासतौर पर विंटर सीजन में होंठ फटने की प्रॉब्लम काफी होती है। अगर इसे लेकर लापरवाही की जाए तो ये परेशानी मुश्किल भी पैदा कर सकती है। फटे हुए होंठ खूबसूरती को भी प्रभावित करते हैं और कई बार लोगों के बीच इसे लेकर शर्मिंदगी भी उठानी पड़ सकती है। होंठ फटने की समस्या को कुछ घरेलू उपायों की मदद से आसानी से दूर किया जा सकता है। घर में आसानी से मिलने वाली ये चीजें होठों को सॉफ्ट और खूबसूरत रखने में मदद करती हैं। आइए जानते हैं फटे होंठों को ठीक करने के घरेलू नुस्खे।



### फटे होंठों के लिए घरेलू नुस्खे

**शहद का चमत्कार:** शहद में एंटी बैक्टीरियल और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं। रोजाना सोने से पहले होंठों पर शहद लगाने से फटे होंठ ठीक हो जाते हैं।

**नारियल का तेल:** नारियल का तेल विटामिन ई से भरपूर होता है जो होंठों को पोषण देता है। रात को सोने से पहले होंठों पर नारियल का तेल लगाएं।

**एलोवेरा का जादू:** एलोवेरा में हीलिंग गुण होते हैं। एलोवेरा जेल को होंठों पर लगाने से फटे होंठ जल्दी ठीक हो जाते हैं।

**दूध की मलाई:** दूध की मलाई में लैक्टिक एसिड होता है जो होंठों को मुलायम बनाता है। रात को सोने से पहले होंठों पर दूध की मलाई लगाएं।

**गुलाब जल:** गुलाब जल में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। रोजाना गुलाब जल से होंठों को धोएं और फिर कोई मॉइस्चराइजर लगाएं।

**खीरा:** खीरा में 90% पानी होता है जो होंठों को हाइड्रेट करता है। खीरे का टुकड़ा होंठों पर रगड़ने से फटे होंठों में आराम मिलता है।

लिप बाम का इस्तेमाल: अच्छी गुणवत्ता वाला लिप बाम हमेशा अपने साथ रखें और दिन में कई बार लगाते रहें।

कुछ अतिरिक्त टिप्स

**पानी पिएं:** पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और होंठ फटने की समस्या कम होती है।

**नमक वाले खाद्य पदार्थों से बचें:** नमक होंठों को सूखा सकता है, इसलिए नमकीन खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें।

**धूप से बचाव:** धूप में निकलने से पहले होंठों पर सनस्क्रीन लगाएं।

**जीभ से होंठ चाटना बंद करें:** जीभ से होंठ चाटने से लार सूख जाती है और होंठ फटने लगते हैं।

## न्यू ईयर पार्टी में ट्रेंडी आउटफिट्स मिलेगा वार्म और एलिगेंट लुक

फैशन



नया साल का आगाज आज से शुरू हो जाएगा लेकिन आपने अभी तक न्यू ईयर पार्टी के लिए ड्रेस फाइनल नहीं की है, तो इसे सेलेक्ट करते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहली बात तो यह है कि ड्रेस ऐसी सेलेक्ट करें, जिसमें आपको ठंड ना लगे और ड्रेस पार्टी के लिए सुटेबल और फैशनेबल भी लगे। इस ऑकेजन के लिए आप वेस्टर्न ड्रेसेस सेलेक्ट कर सकती हैं।

**वन पीस :** वेस्टर्न ड्रेसेस में वन पीस, आजकल यंग और मिड एज महिलाओं को ज्यादा पसंद आती हैं। अगर आप न्यूईयर पार्टी में इन्हें पहनना चाहती हैं तो ऐसी ड्रेस आपको वार्म फैब्रिक में भी मिल जाएंगी। आप चाहे शॉर्ट वन पीस पहनें या मीडी स्टाइल वन पीस, सभी आपको मॉडर्न लुक देती हैं। आपको कई स्टाइल की ड्रेस मिल जाएंगी लेकिन आजकल कोट नेक स्टाइल वाली वन पीस ड्रेसेस ज्यादा पसंद की जा रही हैं। इन वन पीस को ओवर ऑल लुक कोट का दिया जाता है। इनमें कॉलर भी कोट वाली होती है।

**कोर्ड सेट :** कोर्ड सेट तो आजकल काफी ट्रेंड में है। आप चाहें तो न्यूईयर पार्टी में एंब्रॉयडरी या फिर हैवी फैब्रिक में कोर्ड सेट कैरी कर सकती हैं। इससे ठंड से भी आप बची रहेंगी। एंब्रॉयडरी डिजाइन होने की वजह से यह ड्रेस आपको पार्टीवियर लुक भी देगा। इनमें प्लेन, सिंगल कलर से लेकर प्रिंटेड कई तरह के कोर्ड सेट मार्केट में उपलब्ध हैं। अगर आपको पार्टी में कुछ अलग हट कर दिखना है तो इसमें आप चेक प्रिंट वाला कोर्ड सेट ले सकती हैं। अगर आप चेक डिजाइन में रेड कलर कोर्ड सेट कैरी करेंगी तो बिल्कुल डिफरेंट नजर आएंगी।

**जींस विद टॉप-जैकेट :** पार्टीज के लिए जींस-टॉप एवरग्रीन रही है। इनमें आपको ढेरों वैरायटीज मार्केट में मिल जाएंगी। न्यू ईयर पार्टी के लिए जींस के साथ आप रेड कलर का टॉप पहनें। उसके ऊपर आप किसी भी कलर की जैकेट पहन सकती हैं। लेकिन अगर आपको जैकेट रेड कलर में पहननी है तो टॉप व्हाइट या फिर ब्लैक कलर में भी पहन सकती हैं। बस कंट्रास्ट जो भी पहने वह अच्छा लगना चाहिए। जींस में बेल बॉटम या फिर स्किनी, जो आपको पसंद है वो जींस पहन सकती हैं।

**स्कर्ट टॉप विद कोट :** अगर आप न्यूईयर पार्टी में डिफरेंट नजर आना चाहती हैं तो स्कर्ट टॉप के साथ कोट पहनें। स्कर्ट आप चाहे नी लेंथ पहनें या उससे नीचे तक की। उसके ऊपर टॉप कुछ स्टाइलिश होना चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि टॉप रेड कलर का ही पहनें। आप चाहें तो टाइट डेनिम स्कर्ट भी पहन सकती हैं। डेनिम आपकी पर्सनालिटी को उभारता है। जब आप डेनिम स्कर्ट पहनें तो अपर में टॉप रेड कलर में पहनकर डेनिम जैकेट भी पहन सकती हैं। इससे आपको बेहद डिफरेंट लुक मिलेगा।

## आउटफिट के साथ इन बूट्स को करें ट्राई, पार्टी में लगा दें ग्लैमर का तड़का

नए साल में होने वाली पार्टियों का समय आज से शुरू हो जाएगा। कोई भी खुशी के क्षण नजदीक आते ही हम सभी अपने आउटफिट को लेकर खासा उत्साहित हो जाते हैं। अगर आप इस साल न्यू ईयर की पार्टी में कुछ अलग और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो बूट्स आपकी मदद कर सकते हैं। बूट्स लुक को ट्रेंडी बनाते हैं, वहीं यह आरामदायक भी होते हैं।

**हील्स वाले बूट्स :** हील्स बूट्स हर उस महिला के लिए परफेक्ट है, जो अपने लुक में एक ग्लैमरस टच चाहती हैं। ये बूट्स आपके आउटफिट को तुरंत बदल कर रख देंगे। हील्स बूट्स आपके कद को लंबा दिखाते हैं और आपके ओवरऑल लुक को स्मार्ट और स्टाइलिश बनाते हैं। इन्हें आप शॉर्ट ड्रेस, बॉडीकॉन ड्रेस या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं और ब्लैक, रेड या मेटैलिक शेड्स का चुनाव कर सकती हैं।

**एंकल वाले बूट्स :** अगर आप कुछ सिंपल और क्लासी ट्राई करना चाहती हैं, तो एंकल बूट्स बेस्ट ऑप्शन हैं। ये बूट्स हर तरह के आउटफिट के साथ आसानी से मैच हो जाते हैं। एंकल बूट्स हल्के और पहनने में आरामदायक होते हैं। साथ ही, ये विंटर सीजन के लिए एक परफेक्ट चॉइस है।इन्हें आप जींस, ट्राउजर, या लॉन्ग कोट के साथ कैरी कर सकती हैं। न्यूड, ब्राउन, और वाइन कलर एंकल बूट्स पार्टी के लिए बढ़िया विकल्प है।



### लॉन्ग या वेलवेट बूट्स

लॉन्ग बूट्स और वेलवेट बूट्स फैशन लवर्स के लिए परफेक्ट हैं। ये बूट्स न केवल स्टाइलिश होते हैं, बल्कि ठंड के मौसम में गर्माहट भी देते हैं। ये बूट्स आपके लुक में एक बोल्ड और फैशनेबल लुक जोड़ते हैं। वेलवेट की सॉफ्ट फिनिश और लॉन्ग बूट्स की ग्रेस आपका लुक पूरा कर देती है।इन्हें आप शॉर्ट ड्रेस, लॉन्ग स्वेटर ड्रेस या ओवरसाइज जैकेट्स के साथ पेयर कर सकती हैं। ब्लैक, ग्रीन, और बर्गंडी लॉन्ग बूट्स पार्टी के लिए एकदम सही हैं।

## सर्दियों में रूखी त्वचा से निपटने के लिए इस्तेमाल करें कोको बटर

सर्दी के मौसम में त्वचा रूखी-बेजान हो जाती है और फटने लगती है। ऐसे में लोग तरह-तरह के उत्पाद इस्तेमाल करके उसे मॉइस्चराइज करने की कोशिश करते हैं। आप ठंड के दिनों में अपनी त्वचा की देखभाल करने और उसकी नमी लौटने के लिए कोको बटर इस्तेमाल कर सकते हैं। यह कोको बीन्स से निकलने वाली पीले रंग की वसा होती है, जिसे आप त्वचा पर लगा सकते हैं। आइए कोको बटर लगाने के फायदे जानते हैं।

**बुढ़ापे के लक्षण होते हैं कम :** शुष्क और अस्वस्थ त्वचा के कारण समय से पहले ही उम्र बढ़ने के लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों से छुटकारा पाने के लिए आप कोको बटर का प्रयोग कर सकते हैं। कोको में पाए जाने वाले एपिकैटेचिन जैसे फ्लेवोनोइड्स में एंटी-एजिंग प्रभाव



मौजूद होते हैं, जो झुर्रियों और झाइयों को दूर कर सकते हैं। इसमें अच्छी मात्रा में फैटी एसिड होता है, जो त्वचा को मुलायम बनाने में योगदान देता है।

**त्वचा होती है मॉइस्चराइज :** आप सर्दियों में रूखी हो चुकी त्वचा को फिर से नमी युक्त बनाने के लिए कोको बटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक प्रकार का प्राकृतिक एमोलिएंट होता है, जो त्वचा को नरम और चिकना बनाता है। जब आप इसे अपनी त्वचा पर लगाएंगे, तो यह एक सुरक्षात्मक परत बना देगा, जो नमी को रोककर रखेगी। इससे त्वचा शुष्क नहीं होगी और उसके फटने की समस्या भी दूर हो जाएगी।

**सूर्य की यूवी किरणों से होती है सुरक्षा**
कोको बटर में कुछ प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं, जो त्वचा को सूरज की हानिकारक अल्ट्रा वॉयलेंट किरणों से बचा सकते हैं। यह उत्पाद त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देता है, जिसके कारण यूवी किरणें त्वचा में प्रवेश नहीं कर पाती हैं। हालांकि, आपको पूरी तरह से सुरक्षित रहने के लिए कोको बटर के साथ-साथ अच्छी गुणवत्ता वाली सनस्क्रीन भी इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दियों में त्वचा पर होने वाली खुजली मिटाने के घरेलू नुस्खे जानिए।

**त्वचा की सूजन से मिलता है छुटकारा**
सर्दी के मौसम में कई लोगों की त्वचा में सूजन आ जाती है और उन्हें दर्द का भी अनुभव होता है। अगर, आप भी इस समस्या से पीड़ति हैं तो आप कोको बटर लगा सकते हैं। इस उत्पाद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा पर आई सूजन को कम कर सकते हैं और आराम दिला सकते हैं।

कार्नर न्यूज

**सही आकार का स्वेटर न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपके लुक को भी बनाता है आकर्षक**

## सर्दियों में स्वेटर खरीदने के स्मार्ट टिप्स, पैसे भी बचेंगे और समय भी नहीं होगा बर्बाद

*सर्दियों का मौसम आते ही स्वेटर खरीदने का ख्याल हर किसी के दिमाग में आता है लेकिन अगर आप स्मार्ट तरीके से खरीदारी करें, तो आपको अपनी पसंद का स्वेटर मिलेगा, इसके अलावा समय और पैसे दोनों की बचत भी होगी। यहां सर्दियों में स्वेटर खरीदते समय ध्यान देने योग्य खास टिप्स दिए गए हैं जिन्हें आप आसानी से फॉलो कर सकते हैं।*



### आकार पर दें खास ध्यान

स्वेटर खरीदने से पहले उसका सही आकार जरूर जांच लें। अगर स्वेटर बहुत ढीला या बहुत टाइट होगा तो पहनने में असुविधा होगी। सही आकार का स्वेटर न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपके लुक को भी आकर्षक बनाता है।

### फिटिंग है जरूरी

आकार के साथ फिटिंग भी बेहद अहम है। स्वेटर खरीदते समय यह देख लें कि वह आपके शरीर पर अच्छी तरह फिट हो रहा है या नहीं। बहुत ज्यादा ढीला स्वेटर बेडौल दिख सकता है और टाइट फिटिंग वाले स्वेटर से आप असहज महसूस कर सकते हैं।

### स्टाइल का रखें ध्यान

आजकल बाजार में स्वेटर कई अलग-अलग स्टाइल्स में उपलब्ध हैं। कार्डिगन, पुलओवर, हाई नेक और वी-नेक जैसे विकल्पों में से अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार स्टाइल चुनें। ऐसा स्टाइल चुनें जो आपकी पर्सनैलिटी को निखारे और आपको ट्रेंडी लुक दे।



### स्वेटर की गर्माहट पर दें ध्यान

स्वेटर खरीदने का मुख्य उद्देश्य ठंड से बचाव है, इसलिए इसकी गर्माहट का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ऊन, कश्मीरी या मिक्स वूल जैसे अच्छे और टिकाऊ फैब्रिक से बने स्वेटर खरीदें।

### धोने और देखभाल की जानकारी जरूर लें

स्वेटर खरीदते समय उसकी देखभाल और धोने के तरीके के बारे में जरूर पूछें। कुछ स्वेटर केवल ड्राई क्लीन के लिए होते हैं, जबकि कुछ को आप मशीन में धो सकते हैं। सही जानकारी लेने से आपका स्वेटर लंबे समय तक नया जैसा बना रहेगा।